सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-109
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, बुधवार 24 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

आज का विचार

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!



दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल इलाके में भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की कई गाड़ियां

नई दिल्ली। दिल्ली के आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित प्लास्टिक की फैक्ट्री में आज सुबह-सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग की लपटें और धुएं की चपेट में आ गई। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 6-34 पर आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर 2 घंटे के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया गया है। लगभग 23 फायर की गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर मौजूद है। साथ ही 100 से ज्यादा फायर कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ, डिविजनल फायर ऑफिसर ए के जायसवाल भी मौके पर पहुंच चुके हैं। आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। सुबह होने के कारण फैक्ट्री में उस समय वर्कर नहीं थे। आग बुझाने में काफी समय लग सकता है।

मानसून सत्र का तीसरा दिन, विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन, कहा-

बजट आवंटन में हुआ भेदभाव

नई दिल्ली। आज संसद के मानसून सत्र की तीसरा दिन है। कल मंगलवार(23 जुलाई को) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे टर्म का पहला बजट पेश किया। आज बजट पर चर्चा होगी, जिसके लिए 20 घंटे का समय तय किया गया है। बजट पर चर्चा के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी।बुधवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी दल INDIA गठबंधन के सांसदों ने केंद्र सरकार पर विपक्षी पार्टियों के शासन वाले राज्यों के साथ बजट आवंटन में भेदभाव करने का आरोप लगाया।

सभी विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने का फैसला मंगलवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई INDIA ब्लॉक दलों की बैठक में लिया गया था। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय बजट में उन राज्यों की अनदेखी की गई है जहां गैर-भाजपा सरकारें हैं। कांग्रेस का कहना है कि इन राज्यों के लिए बजट में कोई खास प्रावधान नहीं किया गया है। जबकि, जिन राज्यों में भाजपा या इसके सहयोगी दलों की सरकार है, वहां के लिए बजट में कई बड़ी परियोजनाओं और भारी-भरकम राशि का प्रावधान किया गया है।

तीन मंजिला इमारत ढहने से एक महिला और दो बच्चों की हुई मौत

पांच लोगों को निकाला सुरक्षित

द्वारका। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में भारी बारिश के कारण देवभूमि द्वारका जिले के जाम खंभालिया शहर में तीन मंजिला इमारत ढहने से एक बुजुर्ग महिला और उसके परिवार की दो बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया की मकान जर्जर हालत में था। उसने बताया कि यह हादसा मंगलवार शाम जाम खंभालिया शहर के गगवानी फली इलाके में हुआ। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर लगभग छह घंटे के बचाव अभियान के बाद तीन लोगों के शव बरामद किए गए, जबकि पांच लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। उसने बताया कि भारी बारिश के कारण इमारत ढह गई थी, जिसके बाद राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ़) , पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने बचाव अभियान शुरू किया और मलबे से शवों को निकाला। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान केशरबेन कंजारिया (65), प्रीतिबेन कंजारिया (15) और पायलबेन कंजारिया (18) के रूप में हुई है। इमारत ढहने पर स्थानीय लोगों ने मलबे में फंसे पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। बांध का जलस्तर बढ़ गया है और नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

अधिकारियों के काम न करने से हाथों और घुटने के बल चला बुजुर्ग किसान, 12 किलोमीटर के सफर का वीडियो वायरल

मध्य प्रदेश सरकार की सख्ती के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर के अधिकारी गरीबों और किसानों की समस्या का हल नहीं कर पा रहे हैं। जिससे तंग होकर एक बुजुर्ग किसान अपने गांव से एसडीएम कार्यालय तक घुटनों और हाथों के बल चलते हुए अपनी बात मनवाई। किसान ने इस तरह से दंडवत चलते हुए करीब 12 किलोमीटर की अपनी कठिन यात्रा की। फरियादी किसान का घुटनों के बल चलते हुए और रास्तों में दंडवत होते वीडियो भी वायरल हो रहा है। किसान की आपबीती प्रशासनिक कार्यों की पोल खोलती नजर आ रही है। फरियादी के अनुसार उसने कई बार अपनी जमीन के सीमांकन के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन पिछले कई सालों से इस पर अधिकारियों ने कोई काम नहीं किया। फरियादी किसान प्रदेश के सिवनी जिले के दारोट गांव के रहने वाले हैं। किसान का नाम संमन साहू है, समन साहू स्वस्थ होने के बावजूद भी अपने गांव से घंसौर तहसील कार्यालय तक घुटनों और हाथों के बल चलते और दंडवत होते हुए पहुंचे।

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने अखिलेश यादव की विकल्प की सियासत और रणनीति पर भरोसा किया :- वरिष्ठ सपा नेता राजेंद्र चौधरी

सुरेंद्र सिंघल (वरिष्ठ पत्रकार)। लखनऊ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज जिस समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वैसा नेतृत्व उत्तर प्रदेश और देश में किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने अखिलेश यादव की विकल्प की राजनीति और रणनीति पर भरोसा करते हुए भाजपा को अपने दम पर बहुमत प्राप्त करने से महरूम कर दिया। यह विचार आज समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता, एमएलसी, पूर्व मंत्री और उत्तराखंड के प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंघल के साथ खास बातचीत में व्यक्त किए। राजेंद्र चौधरी ने आज वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंघल से उत्तर प्रदेश की मौजूदा सियासत पर लंबी बातचीत की। समाजवादी आंदोलन के अगुवा रहे 75 वर्षीय राजेंद्र चौधरी जिनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत भारत रत्न चौधरी चरण सिंह ने 1974 में उन्हें गाजियाबाद से विधानसभा का लोकदल का टिकट देकर की थी। चौधरी चरण सिंह ने सतपाल मलिक को बागपत से टिकट दिया था। मलिक जीत गए थे और राजेंद्र चौधरी हार गए थे। 1977 में राजेंद्र चौधरी गाजियाबाद से पहली बार विधायक बने। उनकी पूरी

सियासत चौधरी चरण चरण सिंह की छाया में आगे बढ़ी और 1987 में लोकदल का विभाजन हो जाने के बाद राजेंद्र चौधरी को लंबे समय तक मुलायम सिंह यादव के साथ काम करने का मौका मिला। वह अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहने के दौरान उनकी सरकार में कई विभागों के काबिना मंत्री रहे। राजेंद्र चौधरी को चौधरी देवीलाल, कर्पूरी ठाकुर, हेमवती नंदन बहुगुणा, शरद यादव, केसी त्यागी के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त है। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा सियासत में समाजवादी पार्टी के सिद्धांत और नीतियां भारतीय राजनीति में मजबूत विकल्प की अवधारणा को पुष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा ने सबसे ज्यादा 37 लोकसभा सीटें जीतीं और उनके गठबंधन सहयोगी कांग्रेस को छह सीटें प्राप्त हुईं। जबकि जयंत चौधरी के नेतृत्व वाला रालोद ऐन चुनाव के मौके पर इंडिया गठबंधन से छिटककर भाजपा के साथ चला गया था। राजेंद्र चौधरी को इस बात का मलाल है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद और जयंत चौधरी को खड़ा करने में अखिलेश यादव की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने डिंपल यादव के बजाए जयंत चौधरी को राज्यसभा में भेजा था। चंदन चौहान जैसे प्रतिभाशाली,

नौजवान युवा नेता को अपनी पार्टी के बजाए रालोद के निशान पर चुनाव लड़ाया और जिताया था। आज चंदन चौहान बिजनौर से लोकसभा से रालोद के सांसद हैं। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने अखिलेश यादव की चुनावी रणनीति को समझा और अपना भरपूर समर्थन दिया। अखिलेश यादव ने अकेले जिताऊ प्रत्याशियों का चयन किया। कारगर चुनाव रणनीति बनाई और बीजेपी की भगवा रणनीति का मजबूत विकल्प प्रस्तुत किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता का मार्ग चुना। राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि 2022 में यदि चुनाव में बड़े पैमाने पर सत्ता का दुरूपयोग ना किया गया होता तो उस समय सपा की सरकार बनती। लोगों ने इस लोकसभा चुनाव में अपने गुस्से का इजहार किया।

समाजवादी पार्टी के खेमे में पिछड़ा वर्ग, दलित समुदाय, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ-साथ अधिकारों और अवसरों से वंचित उच्च समाज के लोगों ने अखिलेश यादव का भरपूर साथ दिया। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के रूप में राजपूत नेतृत्व होने के बावजूद राजपूतों ने सपा और इंडिया गठबंधन का रूख किया। उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने भाजपा की और नरेंद्र मोदी की धर्म की राजनीति को स्वीकार नहीं किया। यह भाग्य राजनीति के लिए स्वस्थ और अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा में भाजपा-कांग्रेस के बाद तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। सपा और अखिलेश यादव दोनों का भविष्य उज्जवल और बेदाग है। भविष्य में प्रदेश और देश इसी राजनीतिक मार्ग का अनुशरण करेंगे।

बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार को न विशेष राज्य का दर्जा मिला और न विशेष आर्थिक पैकेज

जालंधर। लोक सभा चुनाव के नतीजों में बहुमत से पिछड़ने के बाद सियासी हलकों में यह चर्चा थी कि आंध्रा प्रदेश के मुख्य मंत्री चंद्र बाबू नायडू और बिहार के मुख्य मंत्री नितीश कुमार केंद्र में भाजपा को समर्थन के बदले में बड़ी सियासी और आर्थिक कीमत वसूलेंगे लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी दवरा मंत्री मंडल के गठन के समय दोनों दलों के दो दो सांसदों को ही कैबिनेट में जगह दी गई. इसके बाद इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई कि बजट में यह दोनों नेता अपने समर्थन की बड़ी आर्थिक कीमत वसूलेंगे। दो दिन पहले ही मीडिया में यह खबरें भी चलाई जाने लगी कि बिहार में जनता दल यू के नेताओं ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है लेकिन बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बजट से पहले ही सिरे से नकार दिया लेकिन जब बजट आया तो इसमें भी बिहार और आंध्रा प्रदेश को इतनी बड़ी रकम नहीं मिली जिसका अंदाजा लगाया जा रहा था। हालांकि बजट में इन घोषणओं के बाद तेलगु देशम पार्टी और जनता दल यू के नेताओं ने बजट घोषणाओं का स्वागत किया है।



आन्ध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रूपए

वित्त मंत्री ने आंध्र प्रदेश स्टेट री आर्गनाइजेशन एक्ट का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रूपए देने की घोषणा की और साथ ही यह भी कहा कि आने वाले वर्षों में भी आंध्र प्रदेश को वित्तीय सहायता जारी रहेगी। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश के किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया करवाने के लिए बनाए जा रहे पोलवरम इरिगेशन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने की घोषणा की गई। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में उद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पानी, बिजली ,रेलवे और सड़कों जैसी सुविधाओं के लिए फंड मुहैया करवाए जाएंगे और विशाखापटनम -चेनई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हैदराबाद -बेंगलोर इंडस्ट्रियल कपरोडोर में मदद की जाएगी

बिहार को 47400 करोड़ रूपए के इंफ़्रा प्रोजेक्ट

अमृतसर -कोलकाता इंडसट्रियल कॉरिडोर के रास्ते पर गया में इंडस्ट्री की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा पटना और पूर्णिया के मध्य एक्सप्रेस हाइवे ,बक्सर और भागलपुर के मध्य एक्सप्रेस हाइवे ,बोध गया , वैशाली, राजगीर, दरबंघा में पुल बनाने के अलावा बकसर में गंगा नदी पर टू लेन पल बनाया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के इन सारे प्रोजेक्ट्स पर 26 हजार करोड़ रूपए का खर्च आएगा। इसके अलावा पीरपैंती में 21400 करोड़ रूपए की लागत से 2400 मेगा वाट का पावर प्लांट लगाया जाएगा. इसके अलावा बिहार में एयरपोर्ट, मेडिकल कालेज और खेलों के लिए आधार भूत ढांचे के निर्माण की घोषणा की गई है। इसके अलावा बिहार सरकार की मांग पर राज्य सरकार को और अनुदान राशि भी दी जाएगी।

बजट पर आई जीतू पटवारी की प्रतिक्रिया

29 सीट देने वालों को क्या मिला ?

भोपाल। मध्यप्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार द्वारा जारी हुआ बजट गरीब, आम आदमी की अनदेखी करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में सरकार बने 7 महीने हो गये लाड़ली बहनों के लिए 3000- रूपये देने की बात कही थी, अब तक क्यों नहीं दिये, केंद्र सरकार ने इस बजट में मप्र में लाड़ली बहनों के लिए राशि का कोई प्रावधान नहीं रखा? किसानों को एमएसपी के तहत गेहूं का 2700 और धान का 3100 रूपये देने के लिए कोई राशि का प्रावधान नहीं रखा। पटवारी ने कहा कि इस बार के बजट में पिछले बजट से भी कम राशि रखी गई है। पटवारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट में पूर्व के बजट की अपेक्षा इस बार राशि कम कर दी गई है। जिसमें कृषि संबंधी गतिविधियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, शहरी क्षेत्र, अनुसूचित जनजाति कल्याण हेतु, राज्यों का स्थानांतरण, योजना एवं साख्यिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राशि कम कर दी गई है।

उत्तराखंड में बारिश-भूस्खलन,मौसम विभाग का अलर्ट

गंगोत्री हाईवे बंद, बरसाती नाले उफान पर, घरों में घुसा पानी

उत्तराखंड। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग बिशनपुर, नेताला और सैंज के पास अवरुद्ध हो गया है और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डबरकोट में अवरुद्ध है। सड़क साफ करने का काम जारी है। उत्तराखंड पुलिस ने लोगों ने धैर्य रखने और जल्दबाजी न करने की अपील की है। कहा कि कोई जोखिम न लें और सुरक्षित रहें। भारी बारिश के चलते प्रदेश में कई जगह पर जलभराव से बुरी स्थिति हो गई है। जौलीग्रांट भानियावाला- ऋषिकेश मुख्य मार्ग पर स्थित भानियावाला मुख्य बाजार में थानो वन रेंज के

बरसाती नाले का पानी घुसने से बाढ़ जैसे हालात हो गए। जिस कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका डोईवाला की टीम मौके पर पहुंची और पानी निकासी की व्यवस्था करने की कोशिश की। उधर देहरादून एयरपोर्ट के बरसाती नाले के उफान से चोरपुलिया के पास अठुरवाला में कई घरों में पानी घुस गया। स्थानीय निवासी पुष्कर सिंह ने कहा कि सुबह तड़के से ही क्षेत्र में जोरदार बारिश हो रही है। जिस कारण एयरपोर्ट के नाले में बाढ़ आने के कारण एयरपोर्ट द्वारा पिछला गेट खोल दिया गया। इससे बरसात का पानी चोरपुलिया की तरफ अठुरवाला के कई घरों में घुस गया। वहीं गढ़वाली मोहल्ले जौलीग्रांट में भी ऐसा ही हाल है। देहरादून मोहिनी रोड पर नदी का पानी पुल के ऊपर से आ गया। दूसरी तरफ नारायणबगड़ में बारिश के कारण थराली के सुनला में ग्वालदम हाईवे तीन घंटे बंद रहा। यहां मलबा गिरने का सिलसिला अभी भी जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं।

सड़क और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी

जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने खंडवा रोड़ से अतिक्रमण हटाये- दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया

प्रदीप चौधरी | सिटी चीफ | इंदौर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर में मुहिम चलाकर यातायात सुधार को दृष्टिगत रखते हुए सड़कों और फुटपाथों पर किये गए अतिक्रमण हटाने के लिए निरन्तर कार्यवाही जारी है। इसी सिलसिले में आज जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा आईटी पार्क चौराहे से राधास्वामी तक कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में एसडीएम श्री राकेश परमार के साथ नगर निगम के रिमूवल सुपरवाइजर श्री मोहित शर्मा, श्री मुकेश खरे एवं दल प्रभारी श्री विनीत तिवारी की उपस्थिति में संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण कार्यवाही में 4 दुकानों के विरूद्ध 6 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही अनेक अस्थायी अतिक्रमण भी हटाये गये।सड़क और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी **जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने खंडवा रोड़ से अतिक्रमण हटाये- दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया** इंदौर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर में मुहिम चलाकर यातायात सुधार को दृष्टिगत रखते हुए सड़कों और फुटपाथों पर किये गए अतिक्रमण हटाने के लिए निरन्तर कार्यवाही जारी है। इसी सिलसिले में आज जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीमों द्वारा आईटी पार्क चौराहे से राधास्वामी तक कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में एसडीएम श्री राकेश परमार के साथ नगर निगम के रिमूवल सुपरवाइजर श्री मोहित शर्मा, श्री मुकेश खरे एवं दल प्रभारी श्री विनीत तिवारी की उपस्थिति में संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण कार्यवाही में 4 दुकानों के विरूद्ध 6 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही अनेक अस्थायी अतिक्रमण भी हटाये गये।

बुजुर्ग ने खुद गोली मारकर किया सुसाइड....

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

प्रदीप चौधरी | सिटी चीफ | इंदौर, इंदौर के विजय नगर थाना छेत्र के भमोरी में रहने वाले एक 65 वर्षीय बुजुग ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया बुजुर्ग ने 12 की बंदूक से आने सर में गोली मारी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाकर मामले को जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम विजय शुक्ला हे मृतक सिक्योरिटी गार्ड की एजेंसी चलाते थे मृतक ने सुसाइड के पहले अपनी बेटी को मेसेज किया था उसके लिखा था की सुसाइड के लिए में खुद जिम्मेदार मृतक के तीन बच्चे ही दो बेटे एक बेटी बड़ा बेटा हमदाबाद में नौकरी करता है जबकि छोटा बेटा अपनी पत्नी बच्चो के साथ मृतक के साथ ही रहता है जिस टाइम मृतक ने सुसाइड किया इस टाइम पूरा परिवार दूसरे कमरे में आई था फिलहाल पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही हे।

इंदौर हाईकोर्ट में याचिका के बाद केंद्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला

केंद्रीय कर्मचारियों पर आरएसएस कार्यक्रमों में भाग लेने पर लगी पाबंदी खत्म

इंदौर, इंदौर हाईकोर्ट में लगी याचिका पर आरएसएस के कार्यक्रमों में केंद्रीय कर्मचारियों के शामिल होने पर लगभग 1966 से लगे प्रतिबंध को केंद्र सरकार ने अपने 09 जुलाई के आदेश से वापस लिया ।। केंद्र सरकार के अधिकारियों को लगभग 58 वर्षो से संघ की गतिविधियों को राजनैतिक गतिविधि मान कर केंद्र के कार्यालयीन आदेशों भाग लेने में पाबंदी थी व संघ के किसी भी कार्यक्रमों में भाग लेने से उन कर्मचारियों पर अनुषाणात्मक कार्यवाही प्रस्तावित थी । इस विषय को लेकर अपने मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की याचना करते हुए याचिकाकर्ता श्री पुरषोत्तम गुप्ता ने अपने वकील मनीष नायर के माध्यम से इंदौर उच्च न्यायालय मे एक याचिका पिछले वर्ष। लगाई थी जिसकी सुनवाई के समय केंद्र सरकार ने हलफनामे के साथ अपने 9 जुलाई के आदेश से पूर्व में 1966, 1975 और 1980 में पारित आदेशों से आरएसएस का नाम हटाने का लिया गया निर्णय हाई कोर्ट में पेश किया ।केंद्र सरकार की और से पूर्व सुनवाई में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ इंदौर उच्च न्यायालय के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल हिमांशु जोशी ने पक्ष रखा ।

प्रकृति प्रेमी रहें सावधान...

इंदौर जिले के पर्यटन स्थलों के प्रतिबंधित क्षेत्र में गए तो प्रकरण दर्ज होगा, 5 साल में कई लोग गंवा चुके हैं जान

इंदौर। वर्षाकाल शुरू होते ही महू तहसील के पिकनिक स्पाट आबाद हो गए हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह पिकनिक स्पाट जितने खूबसूरत हैं, उतने ही खतरनाक भी हैं। इन पिकनिक स्पाट पर हर साल हादसे होते हैं, जिनमें कई पर्यटक अपनी जान गंवा देते हैं। इसलिए जिला प्रशासन ने तहसील के अधिकांश पर्यटन क्षेत्रों की खतरनाक जगहों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। ऐसी जगह पर जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जिले के खतरनाक पर्यटक स्थलों पर पिछले पांच साल में करीब 40 लोगों की जान जा चुकी है। महू तहसील में तिंछा फाल, चोरल डेम, सीतलामाता फाल, कजलीगढ़, मेहंदी कुंड, पातालपानी, चोरल नदी, जामन्या कुंड आदि पर्यटन स्थलों पर सप्ताहांत पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इन सभी स्थानों पर नदी, झरने, कुंड आदि खतरनाक स्थान भी हैं। जहां फोटो और मस्ती करने के लिए पर्यटक पहुंच जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। कलेक्टर आशीष सिंह ने महू तहसील के पर्यटन स्थलों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि पर्यटन स्थलों के जोखिम भरे क्षेत्रों व एकांत क्षेत्रों में जन सामान्य के प्रवेश को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। पर्यटन क्षेत्र के आवश्यक स्थानों पर इस संबंध में सूचना बोर्ड भी लगाए जाएं। इसके बाद भी कोई पर्यटक इन स्थानों पर जाता है, तो आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

इंदौर में 500 शिक्षकों ने बड़ा पद लेने से कर दिया इनकार, माध्यमिक शिक्षक बनाने के लिए हुई थी काउंसलिंग

इंदौर । माध्यमिक स्तर के स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षा विभाग ने सोमवार को काउंसलिंग आयोजित की थी, जिसमें जिले के 2500 प्राथमिक शिक्षकों को उच्च पद का प्रभार देना था। लेकिन 500 से अधिक शिक्षक ऐसे भी रहे, जिन्होंने उच्च पद का प्रभाव लेने से साफ मना कर दिया। रात 12 बजे तक चली इस काउंसलिंग में बाकी के शिक्षकों को विषय वार अलग-अलग माध्यमिक संस्थानों के लिए प्रभार सौंपा गया। वही सुबह जब काउंसलिंग शुरू हुई थी तब सूची में कई विसंगति होने के चलते शिक्षक संगठनों में भी नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद सूची को तुरंत अपडेट किया गया। **लिस्ट अपडेट नहीं थी** मिडिल स्कूलों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग ने सोमवार को काउंसलिंग आयोजित की थी। इस काउंसलिंग के लिए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय द्वारा सूची जारी की गई थी, जिसमें कई विसंगतिया थी। सूची अपडेट नहीं थी। कहीं शिक्षकों के नाम छूट गए थे, तो कहीं शिक्षकों के नाम के आगे गलत विषय लिखा गया था। वहीं कई शिक्षक ऐसे भी आ गए थे, जो कट ऑफ डेट के बाद के थे। शुरुआत में शिक्षकों ने इस काउंसलिंग को लेकर विरोध भी किया। विषय वार अलग-अलग शिक्षकों को बैठाया गया इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी और उनकी टीम ने तुरंत सूची में सुधार किया और काउंसलिंग शुरू करवाई।

एक ही बाजार में हो गए थे सोने के दो दाम इंदौर एयरपोर्ट पर बढ़े तस्करी के मामले

इंदौर। वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद सबसे ज्यादा खुशी और उत्साह सराफा बाजार में नजर आ रही है। सोने-चांदी पर एक साथ नौ प्रतिशत टैक्स घटाकर सरकार ने बाजार को भी हैरान कर दिया है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल से ही लगातार सोने-चांदी पर सरकार टैक्स बढ़ाने के पक्ष में ही रही है। बीते वर्षों में लगातार कारोबारी ही चेता रहे थे कि सोने-चांदी पर टैक्स की दर बढ़ाने से तस्करी बढ़ेगी ना कि सरकार का राजस्व। हुआ भी वही, इंदौर और प्रदेश के प्रमुख सराफा बाजारों में सोने के दो दाम हो गए थे। इंदौर जैसे छोटे एयरपोर्ट पर सोना तस्करी के मामले भी बढ़ रहे थे। टैक्स घटाने के निर्णय से अब तस्करी घटने और सराफा बाजार में व्यापार बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इंदौर एयरपोर्ट पर अभी सप्ताह में सिर्फ तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित होती हैं। इसके बावजूद इस छोटे एयरपोर्ट पर बीते दो-तीन वर्षों से करीब 7 से 8 किलो तस्करी का सोना बरामद होता रहा है। अप्रैल में ही इंदौर एयरपोर्ट से पांच किलो सोने की खेप पकड़ी गई थी। आशंका थी कि इस साल सोने की बरामदगी की मात्रा 10 किलो तक पहुंच सकती है। इसके अलावा अन्य तमाम माध्यमों से तस्करी का सोना बाजार में पहुंच रहा था। इसका असर ये भी हुआ था कि एक ही बाजार में सोने के दो दाम हो गए थे। बिना बिल और बिल के साथ सोने के दाम में डेढ़ से दो हजार रुपये का अंतर देखा जा रहा था। आयात ड्यूटी, सेस और जीएसटी मिलाकर अब तक सोने-चांदी पर 18 प्रतिशत टैक्स लग रहा था। अब सिर्फ 9 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

व्यापारी एसोसिएशन का यह है मानना इंदौर चांदी-सोना-जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल रांका के अनुसार बढ़े हुए टैक्स और ड्यूटी का असर देश में सोने की खपत पर पड़ा था। बीते साल देश में करीब एक हजार टन सोने की खपत दर्ज हुई थी। इस साल वह 700 टन रह गई थी। इसका सीधा मतलब था कि कहीं न कहीं तस्करी का सोने की खपत बढ़ रही थी। ऐसे में सरकार ने बीते साल में लिए अपने निर्णयों पर टर्न लिया। इसका सकारात्मक असर अब ग्राहकी पर पड़ेगा। आम लोग सोना खरीदेंगे। टैक्स के साथ दाम में अंतर नहीं आने के कारण अब बिल से ज्यादा खरीदी होगी और सरकार को राजस्व में सीधा लाभ मिलेगा। अन्य शहरों और प्रदेशों के बीच भी सोने के दामों में अब एकरुपता आ सकेगी।

मिल रहा था 8-10 प्रतिशत लाभ सोने पर भारी भरकरम टैक्स का असर ये हुआ था कि अन्य तमाम देशों में सोने के दाम भारत के मुकाबले 8 से 10 प्रतिशत तक कम हैं। इसी के चलते विदेश जाने वाले तमाम लोग गहनों की खरीदी भी वहां से करने लगे थे। नतीजा देश से विदेशी मुद्रा भी बाहर जा रही थी।

आलीराजपुर से पिछड़ा इंदौर, सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में तीसरा स्थान

इंदौर- जिले के ग्रामीण अंचल में सरकारी योजनाओं का फायदा ग्रामीण तक कम ही पहुंच रहा है दरअसल हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अप्रैल माह की ग्रेडिंग जारी की है। जिसमें संभाग में इंदौर जिला तीसरे पायदान पर आया है जबकि आदिवासी अंचल का अलीराजपुर जिला पहले नंबर पर है।

सरकारी योजनाओं संबंधित जिलेवार ग्रेडिंग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने अप्रैल 2024 की विभिन्न योजनाओं संबंधित जिलेवार ग्रेडिंग जारी की है। इसमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत सेक्टर, सीएम हेल्पलाइन संबंधित योजनाओं में जिलों ने बेहतर प्रदर्शन पर ए प्लस, ए, बी ग्रेड दी जाती है।

इंदौर को तीसरा स्थान इस बार की ग्रेडिंग में ओव्हर आल ग्रेडिंग में इंदौर ने तीसरा स्थान पाया है, जबकि इससे पहले इंदौर ग्रामीण दूसरे स्थान पर था। इंदौर को ओव्हार ऑल ग्रेडिंग में 4.38 अंक मिले हैं जबिक अलीराजपुर को 4.63 और हरदा 6.50 अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहा है। जानकारी के अनुसार इंदौर जिला पंचायत हमेशा ही टॉप थ्री में रहा है, लेकिन इस बार जारी हुई ग्रेडिंग में इंदौर अजीविका मिशन योजना के तहत किए गए कार्यों में इंदौर ने महज 80 अंक पाए, जबकि धार ने 90 अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) में किए गए कामों पर 62 अंक के ग्रेड बी ही मिल पाई है।

पेट्स के लिए सबसे खतरनाक है बारिश का सीजन, संक्रमण का बढ़ जाता है डर

इंदौर। वैसे तो मानसून का मौसम आते ही खुशी से उछल पड़ते हैं। परंतु इस मौसम में बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसकी चपेट में केवल इंसान ही नहीं, बल्कि पालतू जानवर भी आते हैं। पालतू जानवरों में स्किन इन्फेक्शन, एलर्जी या पेट से जुड़ी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं।यहां तक कि आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट की आवाज भी पेट्स को चिड़चिड़ा बना देती है। पिछले कुछ सालों में भारत में पेट्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। भारत में कुल 3.1 करोड़ पेट डाग्स (पालतू श्वान) हैं, जबकि पालतू बिल्लियों की संख्या करीब 25 लाख है।

कान के संक्रमण का खतरा वेटरनरी डॉक्टर्स की मानें तो बारिश के मौसम ही पेट्स की सबसे ज्यादा केयर करना जरूरी होती है, क्योंकि इसी दौरान उन्हें वाटर बर्न डिजीज, पोडोडर्माटाइटिस और कान के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। पेट्स को एलर्जी, शुष्क त्वचा, खुजली वाली त्वचा, संक्रमण, उल्टी, दस्त जैसी स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं।

सरपंचों ने आंबेडकर पार्क में किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री आवास घेरने की कोशिश

भोपाल। प्रदेशभर की 15 हजार से अधिक पंचायतों से आए सरपंचों ने मंगलवार सुबह राजधानी भोपाल में में डेरा डाल दिया। वे तुलसी नगर स्थित आंबेडकर मैदान में एकत्र हुए और सरकार से 15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे। यहां से वे मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकले। इस बीच प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने उन्हें मनाने का प्रयास भी किया, लेकिन बात नहीं बनने से सरपंच घेराव के लिए आगे बढ़ने लगे। जैसे ही वे आगे बढ़े पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। महिला सरपंच पुलिस के घेरे को तोड़कर आगे बढ़ने लगी तो बैरिकेड्स लगा दिए गए। इसके बाद ज्ञापन देते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर ने 15 दिन का अल्टीमेटम देकर आंदोलन खत्म करने का ऐलान कर दिया।

सरपंचों को मिले वित्तीय अधिकार - **जीतू** उधर, शाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी प्रदर्शनस्थल पहुंचे और सरपंचों की मांगों का समर्थन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ग्राम स्वराज की व्यवस्था में वित्तीय मामलों से लेकर ग्राम पंचायत के कार्यों में पूरी जवाबदेही सरपंच की होती है, इसलिए सरंपच को वित्त का अधिकार मिलना चाहिए, न कि सचिव को। उन्होंने पंच को पांच हजार और सरपंच को 20 हजार रुपये प्रतिमाह का वेतनमान देने की मांग प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री से की।

फ्लैट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को पांच वर्ष का कारावास

भोपाल। राजधानी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह ने धोखाधड़ी के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपित जितेन्द्र ममतानी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी नीतू जैन ने पैरवी की। **यह है मामला** वर्ष 2020 में फरियादी ने थाना एमपी में शिकायत की थी। उसमें बताया था कि उसका परिचय वर्ष 2011 में जितेन्द्र ममतानी से हुआ था। जितेन्द्र ने बताया था कि उसने आइकान डेवलवपिंग प्राइवेट लिमिटेड कोलार रोड गेहूंखेडा में दो बीएचके का एक फ्लैट बुक किया है। उस फ्लैट को 17 लाख पचास हजार रुपये में खरीदने के लिए उसने वर्ष 2011 में जितेन्द्र ममतानी व डीएचएफएल बैंक के मध्य ट्रायपार्टी का अनुबंध कर लिया था। बुक किये गये फ्लैट के लिए फरियादी ने दो बार में तीन लाख पचास हजार रुपये जितेन्द्र को नगद दिए, जिसकी रसीद भी दी गई ।शेष राशि बैंक से फायनेंस की गई। उसके बाद जितेन्द्र द्वारा फ्लैट उसके सुपुर्द किया जाना था। लेकिन जितेंद्र ने बैंक द्वारा फायनेंस की गई राशि 13 लाख 40 हजार रुपये भी प्राप्त कर लिए और फ्लैट उसे नहीं दिया। बाद में पता चला कि उसी फ्लैट को जितेंद्र ने किसी और को बेच दिया है।

भोपाल में तीसरे एयरलाइन ऑपरेटर के रूप में दस्तक देगी एयर इंडिया एक्सप्रेस, बेंगलुरु उड़ान से शुरुआत

भोपाल। एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस जल्द ही तीसरे एयरलाइन ऑपरेटर के रूप में भोपाल में दस्तक देगी। कंपनी ने भोपाल से बेंगलुरु तक उड़ान के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से स्लॉट ले लिया है। किसी समय भोपाल से चार एयरलाइन ऑपरेटर हुआ करते थे। एयर इंडिया के अलावा जेट एयरवेज, स्पाइस जेट एवं एयर डेक्कन भी यहां से उड़ानों का संचालन करता था। कुछ समय के लिए फ्लाय बिग ने भी उड़ानें शुरू कीं, लेकिन बाद में एयर इंडिया को छोड़कर बाकी कंपनियों ने बेस स्टेशन बंद कर दिए। जेट एयरवेज की जगह इंडिगो ने उड़ानें शुरू की। वर्तमान में एयर इंडिया एवं इंडिगो ही उड़ानें संचालित कर रहे हैं। अगस्त माह में एयर इंडिया एक्सप्रेस तीसरे शेड्युल्ड ऑपरेटर के रूप में दस्तक देगा।

बेंगलुरु से शुरुआत, पुणे पर विचार कंपनी ने भोपाल-बेंगलुरु रूट पर उड़ान शुरू करने की तैयारी की है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी के अनुसार जल्द ही इसका शेड्यूल जारी किया जाएगा। एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर भी खुलेगा। भोपाल से बेंगलुरू तक यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कंपनी इस रूट पर उड़ान शुरू करने की तैयारी की है।

हालांकि बेंगलुरु तक इंडिगो एयरलाइंस की भी दो उड़ानें हैं। तीसरी उड़ान शुरू होने से प्रतिस्पर्धा होगी। इसका लाभ यात्रियों को मिलेगा। कंपनी भोपाल से पुणे तक उड़ान शुरू करने पर भी विचार कर रही है। पुणे उड़ान पिछले दो साल से बंद है। भोपाल से बड़ी संख्या में आईटी प्रोफेशनल्स एवं छात्र नियमित रूप से सफर करते हैं। उड़ान बंद होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। पुणे तक ट्रेन में भी आसानी से टिकट नहीं मिलते।

12 वर्षों में नौ बार हुआ गर्भपात, काटजू महिला अस्पताल में आकर भरी अमृता की गोद

भोपाल। विवाह के बाद से अब तक 12 साल में नौ बार गर्भपात झेल चुकी अमृता पूरी तरह से टूट चुकी थीं। आखिरी कोशिश के तहत वह इलाज के लिए शहर में स्थित केएन काटजू शासकीय महिला अस्पताल में संचालित स्टेट आफ सेंटर फार प्रिवेन्टिव गायनेकोलाजी एंड इंफर्टिलिटी में पहुंची। डाक्टरों ने महिला की तकलीफ सुनकर उसकी पूरी मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद महिला 10वीं बार गर्भवती हुई तो शुरुआत से ही डाक्टरों की निगरानी में रही। इस दौरान सामने आया कि नौ बार हुए गर्भपात का कारण मां के खून में बन रही एंटीबाडीज थी, जो बच्चे के रेड ब्लड सेल्स को खत्म कर रही थीं। यह स्थिति तब बनती है, जब मां का ब्लड ग्रुप आरएच निगेटिव और गर्भ में पल रहे बच्चे का आरएच पाजिटिव हो। गर्भस्थ शिशु को इससे बचाते हुए काटजू अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रचना दुबे ने महिला की सफल डिलीवरी कराई। अब जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

यह थी समस्या डा. रचना दुबे ने बताया कि यदि महिला आरएच नेगेटिव (ए-, बी-, एबी- या ओ-) है और उनका बच्चा आरएच पाजिटिव है, तो इसे आरएच नेगेटिव प्रेग्नेंसी कहते हैं। इस स्थिति में समस्या तब बनती है, जब मां का इम्यून सिस्टम बच्चे के खून में आरएच फैक्टर को बाहरी पदार्थ के रूप में समझता है। ऐसे में यह बच्चे के रेड ब्लड सेल्स पर हमला करने के लिए एंटीबाडी बनाने लगता है, जिससे गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाती है।

ऐसे किया इलाज डा. रचना दुबे ने बताया कि आरएच नेगेटिव प्रेग्नेंसी के साथ महिला की बच्चेदानी का मुंह छोटा था। इसलिए गर्भ में जब बच्चा तीन माह का हुआ तो बच्चेदानी के मुंह में टांके लगाए, जिससे गर्भपात न हो। इसके साथ ही महिला में बन रही एंटी बाडीज को रोकने के लिए गर्भावस्था के दौरान दो बार एंटी-डी इंजेक्शन लगाए। जिससे बच्चे के ब्लड सेल्स को कोई नुकसान नहीं हुआ। इस प्रक्रिया के बाद भी सात माह के बाद ही महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी थी। समस्या को बढ़ता देख, बच्चेदानी के टांके खोले गए। साथ ही बच्चे की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई। अब जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

भोपाल के बड़े तालाब में कूदकर युवक-युवती ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी

भोपाल । बोट क्लब के पास बुधवार सुबह एक युवक-युवती ने बड़े तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। मॉर्निंग वॉक पर आए स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से दोनों को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी सांसें थम चुकी थीं। पंचनामा तैयार करने के बाद पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भिजवा दिए हैं। मृतक युवती की शिनाख्त प्रिया साहू के रूप में हुई है। वहीं युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक युवती की मां से बात कर उन्हें घटना की सूचना दे दी है। मृतका बाग सेवनिया थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। पुलिस का कहना है कि सुबह बोट क्लब के पास दो लोगों के तालाब में कूदने और नजदीक ही एक एक अज्ञात गाड़ी खड़े होने की सूचना मिली थी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

मध्य प्रदेश में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ की स्थिति, मौसम के मिजाज अभी ऐसे ही रहेंगे

ग्वालियर। मध्य प्रदेश में भारी बारिश के कारण अनेक जिलों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। इससे सामान्य जनजीवन पर असर पड़ा है। जोरदार बारिश से जहां नदियों के साथ बांधों का जल स्तर बढ़ गया है, वहीं निचले इलाकों में भी पानी भरने से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। आगामी दिनों में मप्र में अनेक स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। ग्वालियर और चंबल अंचल में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज जबलपुर, शहडोल, रीवा, सागर,ग्वालियर, चंबल संभाग के कुछ जिलों में कहीं-कहीं मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मध्य प्रदेश में अभी भी सामान्य से दो प्रतिशत कम बारिश हुई है। कल पूर्वी मध्य प्रदेश के कई शहरों में भारी बारिश के कारण दमोह, सिवनी, मंडला, सागर जिले में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। इंदौर में आज सुबह से बादल छाए हैं। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो रही है। मंगलवार को शहर में सुबह से बादल और सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक विजयनगर व एयरपोर्ट क्षेत्र में तेज बौछारें पड़ी। विजयनगर क्षेत्र में वर्षा की फुहारों के कारण दृश्यता काफी गिर गई। एयरपोर्ट स्थित वेदर स्टेशन पर रात 8.30 बजे तक 7 मिमी बारिश दर्ज हुई। वही रीगल क्षेत्र में 3.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई। मंगलवार को शहर में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री 27 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम सामान्य से एक डिग्री अधिक 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानियों के मुताबिक झारखंड के चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक एक द्रोणिका राजस्थान व ग्वालियर होते हुए चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसके अलावा राजस्थान चक्रवाती हवा का घेरा 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर व उत्तर प्रदेश पर भी एक चक्रवाती हवा का घेरा बना हुआ है। इसके असर से बुधवार को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। तापमान में हल्की गिरावट बनी रहेगी।

भोपाल में हवाई यातायात पर असर भोपाल में मौसम की खराबी के कारण मंगलवार को हवाई यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली, मुंबई एवं बेंगलुरू उड़ानें देर से पहुंचीं। यात्रियों को परेशान होना पड़ा। इंडिगो की दिल्ली उड़ान संख्या 6-ई 2172 निर्धारित समय शाम 4.30 बजे के बजाय शाम 6.15 बजे पहुंची। रात की दिल्ली उड़ान संख्या 6-ई 5017 करीब 20 मिनट देर से आई। मुंबई इवनिंग उड़ान संख्या 6-ई 397 करीब एक घंटे की देरी से रात्रि 10.15 बजे पहुंची। इवनिंग बेंगलुरू उड़ान भी 40 मिनट लेट हुई। एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान संख्या एआई 433 निर्धारित समय से 30 मिनट की देरी से पहुंची। मुंबई उड़ान संख्या एआई 633 भी 40 मिनट की देरी से पहुंची। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में खराबी के साथ मौसम की खराबी के कारण उड़ानें लेट हो रही हैं।

यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

ग्वालियर से निकल रही ट्रफ लाइन, तेज वर्षा से छंटेगी उमस भरी गर्मी आसपास के राज्यों में बने हवाओं के चक्रवात के चलते ट्रफ लाइन ग्वालियर से होकर गुजर रही है। जिसके चलते अगले 24 घंटे में तेज बारिश के आसार बने हुए हैं। रात में भी बारशि हो सकती है। जिससे कुछ दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी छंटेगी। मंगलवार को सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी ने दिन के तापमान में 5.4 डिग्री कमी ला दी। इसी तरह से रात का पारा भी1.9 डिग्री कम हो गया। जिससे दिन में उमस भरी गर्मी में थोड़ी कमी नजर आई मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव का कहना है कि दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश के आसमान में 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। इसी तरह से राजस्थान और झारखंड में भी इसी तरह से चक्रवात बना। जिसके कारण जो ट्रफ लाइन गुना से होकर गुजर रही थी वह मंगलवार को ग्वालियर के ऊपर आ गई। इसके कारण सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी।

चक्रवात छत्तीसगढ़ से आगे महाराष्ट्र की ओर बढ़ा अगले 24 घंटे में बारिश 100 एमएम से कहीं अधिक हो सकती है। इधर बंगाल की खाड़ी से आ रहा हवाओं का चक्रवात छत्तीसगढ़ से आगे महाराष्ट्र की ओर बढ़ गया है। जिससे तेज बारशि के आसार बने रहेंगे, लेकिन दो दिन बाद मध्यम बारिश होगी फिर बूंदाबांदी होगी। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार इस वक्त ग्वालियर-चंबल अंचल में दक्षिण और पश्चिमी हवाएं अपने साथ नमी लेकर आ रही है। जिसके कारण ट्रफ लाइन ग्वालियर पर आ चुकी है जिससे ग्वालियर,शिवपुरी,दतिया,भिंड,मुरैना आदि क्षेत्रों में गरज - चमक के साथ बारिश के आसार बने हुए हैं। यह स्थिति अगले दो दिन रहेगी जिसके बाद बूंदाबांदी होगी।वातावरण में परिवर्तन होगा तो दिन में धूप खिलना शुरू हो जाएगी, जिससे फिर एक बार उमस भरी गर्मी के आसार बन सकते हैं

जबलपुर में नौ इंच बारिश जबलपुर में पिछले 48 घंटे के दौरान करीब नौ इंच बारिश दर्ज की गई। सोमवार से जारी बारिश का सिलसिला बुधवार को भी जारी है। शहर में कहीं मध्यम तो कभी तेज बारिश का दौर चल रहा है। दिन का अधिकतम तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस से 26.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़त के साथ 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

27 जुलाई तक ऐसे ही रहेगा मौसम हवा का रुख पश्चिमी रहा बावजूद इसके वातावरण में हल्की ठंडक घुली रही। मौसम विभाग के अनुसार 27 जुलाई तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। हालांकि बुधवार से अनवरत बारिश का क्रम टूट सकता है। संभाग के कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में आगामी तीन-चार दिनों तक इसी तरह बारिश के आसार हैं। शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या जबलपुर रात में हुई जोरदार बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। शहर के धनवंतरी, नगर, निव निवेश कालोनी, गढ़ा, गंगासागर, मदनमहल, घमापुर, जगदंबा कॉलोनी सहित अनेक स्थानों पर जलभराव के कारण लोगों के घरों में सामान भी गीला हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश की संभावना है।

निवेश की संभावनाएं तलाशने के लिए कोयम्बटूर में होगा इन्वेस्ट मध्य प्रदेश रोड शो

INVEST MADHYA PRADESH
GLOBAL INVESTORS SUMMIT

भोपाल। मध्य प्रदेश के लिए निवेश की संभावनाएं तलाशने को मुंबई के बाद अब कोयम्बटूर में इन्वेस्ट मध्य प्रदेश रोड शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव इंटरएक्टिव सेशन आन इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटिज इन मध्य प्रदेश का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। प्रदेश में फरवरी 2025 में इन्वेस्ट मध्य प्रदेशः ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होनी है। इसके लिए मुंबई में रोड शो किया जा चुका है, जिसमें प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और सुविधाओं की जानकारी उद्योगपतियों को दी जा रही है। इसके साथ ही उनसे कठिनाइयां भी पूछी जा रही हैं। मुख्यमंत्री उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। एक-जिला-एक-उत्पाद योजना के साथ प्रदेश में उपलब्ध कुशल कार्यबल, प्रचुर संसाधनों और अनुकूल औद्योगिक वातावरण जानकारी निवेशकों को दी जा रही है। कार्यक्रम में मेसर्स बेस्ट कार्पोरेशन एवं मेसर्स क्रॉफ्ट्समैन के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख उद्योगपतियों द्वारा प्रदेश में अपने अनुभव को साझा करने के साथ राज्य के औद्योगिक परिदृश्य एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी देंगे। सरकार का प्रयास है कि पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, आइटी पार्क और टेक्सटाइल एवं गारमेंट, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों के लिए निवेशक आकर्षित हों।

निवेश के अवसरों पर होगा प्रस्तुतीकरण औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह प्रदेश में निवेश के अवसरों को लेकर प्रस्तुतीकरण देंगे। सचिव नवनीत मोहन कोठारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम का परिदृश्य बताएंगे। इस अवसर पर लघु फिल्म एडवांटेज मध्य प्रदेश का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें उद्योगपतियों को राज्य में निवेश के अवसरों के बारे में बताया जाएगा।

मंत्री नागर की नाराजगी दूर, शिव-वीडी से मुलाकात के बाद माने, आधी रात को सीएम से मिले तो लगे ठहाके

भोपाल । वन एवं पर्यावरण विभाग रामनिवास रावत को देने से नाराज मंत्री नागर सिंह चौहान मंगलवार रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद मान गए। नागर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचे थे, लेकिन उनकी नड्डा से मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से मुलाकात के बाद नागर मान गए। नागर वीडी शर्मा के साथ दिल्ली से भोपाल लौटे। इसके बाद उन्होंने देर रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नागर को भविष्य में बेहतर अवसर देने का आश्वासन दिया। बैठक के फोटो में सीएम के साथ मंत्री नागर ठहाके लगाते नजर आ रहे हैं।

बता दें नागर सिंह चौहान कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए रामनिवास रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग देने से नाराज थे। यह नाराजगी इतनी बढ़ गई थी कि उन्होंने इस्तीफा देने तक की चेतावनी दे दी थी। नागर का कहना था कि उनके विभाग देने से पहले उनसे कोई चर्चा नहीं की गई। उनको विश्वास में नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं को पद देकर नवाजा जा रहा है। वह भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया, यदि उनको मंत्री नहीं बनाना था तो सात महीने पहले पद ही क्यों दिया? उनका कहना था कि इस बात से

कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। नागर ने अपने साथ रतलाम-झाबुआ से सांसद पत्नी अनीता नागर के इस्तीफे की भी चेतावनी दी थी। इसके बाद अगले ही दिन नागर दिल्ली पहुंचे गए थे।

वहीं, मंत्रालय में रामनिवास रावत ने वन एवं पर्यावरण विभाग का पदभार ग्रहण कर लिया। इस बीच मंत्री नागर ने मंगलवार को दिल्ली से एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने खुद को अलीराजपुर का विधायक बताया। जिसके बाद उनकी नाराजगी दूर नहीं होने और इस्तीफा देने की बात पर अड़े होने के कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, देर रात नागर प्रदेश संगठन के साथ बातचीत में मान गए और दिल्ली से भोपाल आकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात में हंसते नजर आए।

साम्पदकीय

केंद्र की पूर्वोदय योजना से होगा चहुंमुखी विकास, रेल और सड़क मार्ग मजबूत होने से पैदा होंगे नए रोजगार

बुनियादी ढांचे पर बजट में जोर दिया गया है। रेल-सड़क मार्ग समेत यातायात के अन्य संसाधन मजबूत होने से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से नए रोजगार पैदा होंगे। यातायात के संसाधन जितने मजबूत होंगे उससे आर्थिक स्थिति तो संभलेगी ही साथ ही उस जगह का विकास भी होगा। केंद्र सरकार की पूर्वोदय योजना से चहुंमुखी विकास होगा। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश राज्य इस योजना में शामिल हैं। रेल और सड़क मार्ग से पहुंच होने वर मानव संसाधन विकास के साथ नए मौके बढ़ेंगे। उदाहरण के तौर पर आजादी के बाद भी कई क्षेत्रों में ट्रेन की सुविधा नहीं थी। प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व में गोड्डा-पीरपैंती नई रेल लाइन की पहल हुई है। इसके बनने से गोड्डा के लोगों को रेल यात्रा के लिए सुगमता होगी और देवघर, दुमका, पीरपैंती समेत झारखंड के कई जिले उत्तर और दक्षिण बिहार से जुड़ जाएंगे और विकास संभव होगा। रेलवे ने संरक्षा के लिए कवच योजना, वंदे भारत, वंदे मेट्रो और अमृत भारत ट्रेन चलाकर सभी वर्ग को बेहतर यात्रा की सुविधा उपलब्ध करा रही है। स्टेशनों का विकास रेलवे के लिए मील का पत्थर साबित होगा। रेलवे नेटवर्क बढ़ने से खुद बखुद उस क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार सृजित होगा।

पिछड़े इलाकों में आर्थिक विकास संभव होगा बिहार में 26,000 करोड़ रुपये की लागत से तीन एक्सप्रेस वे बनाने की योजना बेहतरीन पहल है। विद्युत परियोजनाएं जिसमें पीरपैंती में 2,400 मेगावाट के एक नए विद्युत संयंत्र की स्थापना होने से आसपास के कई क्षेत्रों का विकास होगा। अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे बनने से रेलवे को भी फायदा होगा। मालगाड़ियों से ढुलाई संभव होगी। विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे में कोप्पर्थी क्षेत्र और हैदराबाद-बंगलूरू औद्योगिक गलियारे में ओरवाकल क्षेत्र में रेलवे और सड़कों की पहुंच बढ़ेगी। पिछड़े इलाकों में आर्थिक विकास संभव होगा।

अर्थशास्त्रः गतिशील और समावेशी आर्थिक वातावरण तैयार करेगा केंद्रीय बजट, नौजवानों के लिए रोजगार पर जोर

वित्त मंत्री ने अतीत में पेश किए बजटों में लगातार विकास और रोजगार सृजन के महत्व पर जोर दिया है। इस बार का बजट भी इन दोनों मोर्चों पर केंद्रित है।पहली बार नौकरी हासिल करने वाले को पहला

वेतन सरकार सीधे उसके खाते में देगी। इससे करीब 2.10 करोड़ युवा लाभान्वित होंगे। इसमें नियोक्ता और कर्मचारी, दोनों को ही प्रोत्साहित करने पर ध्यान दिया गया है। ईपीएफओ का अंश देकर विनिर्माण क्षेत्र में औपचारिक रोजगार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसका 30 लाख युवाओं को फायदा होगा। दो वर्ष तक सभी औपचारिक क्षेत्रों के नियोक्ताओं को नए कर्मचारियोंकेईपीएफओ में योगदान दिया जाएगा। इससे 50 लाख अतिरिक्त नौकरियां सृजित होंगी। कामकाजी महिलाओं के समर्थन पर ध्यान देना भी महत्वपूर्ण है। कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, क्रेच एवं उद्योगों के सहयोग से महिला विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये सरकार का उद्देश्य ज्यादा समावेशी कार्यबल तैयार करना है।एक हजार आईटीआई को अपग्रेड कर 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमएसएमई को वित्तीय, तकनीकी और विनियामक सहायता देने के लिए एक पैकेज पेश किया गया है। विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी की घोषणा की गई है। इससे एमएसएमई को बिना किसी जमानत या तीसरे पक्ष की गारंटी के प्लांट और मशीनरी में निवेश करने की अनुमति मिलेगी। सरकार 100 करोड़ रुपये तक के ऋण की गारंटी देगी। बुनियादी ढांचे में निवेश का अर्थव्यवस्था की मजबूती पर काफी प्रभाव पड़ता है। 11.11 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता के साथ सरकार का ध्यान शहरी विकास और कनेक्टिविटी पर है। पूर्वी हिस्सों बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए पूर्वोदय योजना शुरू की गई है। कुल मिलाकर, बजट रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का समग्र दृष्टिकोण पेश करता है। कृषि, विनिर्माण, सेवाओं, बुनियादी ढांचे और नवाचार में प्रगति का लाभ उठाकर, सरकार का लक्ष्य एक गतिशील और समावेशी आर्थिक वातावरण तैयार करना है। (लेखक भारत में हुए जी-20 के

पहले भगवान गणेश के स्वरूप में किया श्रृंगार, फिर बाबा महाकाल को रमाई गई भस्म

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज अलसुबह 3 बजे भस्मारती की शुरुआत हुई। सबसे पहले वीरभद्र की आज्ञा लेकर चांदी गेट खोले गए और उसके बाद बाबा महाकाल का विशेष पूजन अर्चन कर भस्म आरती की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष पुजारी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रावण कृष्ण पक्ष की तृतीया और बुधवार के महासंयोग पर सुबह 3 बजे भस्म आरती के दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुले गए। पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि आज बाबा महाकाल का श्री गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया। कपूर आरती के बाद पुजारियों ओर पुरोहितों द्वारा बाबा महाकाल को नवीन मुकुट व मुंड माला धारण करवाई गई। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

विश्लेषणः पांच साल के लिए मजबूत नींव रखता बजट, राहत के साथ प्रोत्साहन का भी बनेगा आधार

वर्ष 2024 का बजट अत्यधिक प्रत्याशित रहा, खासकर प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के बाद कि पिछला दशक आने वाले पांच वर्षों में अपेक्षित परिवर्तनकारी परिवर्तनों के लिए केवल एक प्रस्तावना या %ट्रेलर% था। यह बजट नौ प्रमुख क्षेत्रों के आसपास संरचित है, जिसमें रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जो सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। सरकार 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए %अच्छी भुगतान वाली नौकरियां% निर्मित करने की अपनी प्राथमिकता में काफी स्पष्ट रही है। इस संबंध में, शिक्षा के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन दूरगामी प्रभाव वाला एक रणनीतिक कदम है। दूसरी तरफ, कृषि अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का उद्देश्य दूरगामी सोच वाले दृष्टिकोण को दर्शाते हुए उत्पादकता बढ़ाना है।

एक और उल्लेखनीय पहल रोजगार से जुड़ा प्रोत्साहन कार्यक्रम है, जहां सरकार भविष्य निधि में नियोक्ता का हिस्सा और ईपीएफओ के साथ पंजीकृत नए कर्मचारियों के लिए पहले महीने का वेतन, जो पंद्रह हजार रुपये तक हो, कवर करेगी। इसके अतिरिक्त, विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाएं शुरू की गई हैं, जो इस क्षेत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। कार्यबल में महिलाओं के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन और शिक्षा ऋण की ब्याज दरों में तीन प्रतिशत की छूट समावेशी विकास की दिशा में सराहनीय कदम हैं। इसके अलावा, सरकार ने एक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है जिसका लक्ष्य एक करोड़ भारतीय युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में आवासीय और व्यावसायिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि शिक्षा और रोजगार के बीच अंतर को कम किया जा सके। बजट में आंध्र प्रदेश और बिहार राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राजनीति में विश्वस्त सहयोगी होने के नाते स्वाभाविक भी था। बिहार के लिए, कोसी नदी बेसिन में बाढ़ सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बजट क्रेडिट गारंटी योजना को बढ़ाना और मुद्रा लोन सीमा को रुपये 20 लाख तक बढ़ाने जैसे उपायों से एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय सहायता मिलने, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बजट में शहरी विकास को प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है, जिसमें जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं परिवहन के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के पर्याप्त निवेश का प्रस्ताव रखा गया है। कई सुधारों के प्रस्ताव के साथ सरकार ने शहरी ढांचों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो सतत विकास एवं जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जरूरी है, क्योंकि भारत का भविष्य शहरी क्षेत्रों पर ही निर्भर है। बजट में ऊर्जा परिवर्तन को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिसमें सोलर रूफटॉप नीति की शुरुआत की गई है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की फंडिंग के लिए एक लाख करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आवंटन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र को शामिल किया गया है, जो नवाचार के महत्व को रेखांकित करता है। बजट में रोजगार, भूमि संबंधी मामलों और वित्तीय क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधारों की रूपरेखा पेश की गई है, जिसका उद्देश्य व्यापार सुगमता को बढ़ाना और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करना है। बजट प्राप्तियां बढ़कर 32.07 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं, जबकि राजकोषीय घाटा जो अंतरिम बजट में 5.1 फीसदी था, वह घटकर 4.9 फीसदी रह गया है। यह कमी मुख्य रूप से जीडीपी में वृद्धि, उच्च प्राप्तियों और कम व्यय के कारण आई है। 2023-24 के वास्तविक खातों से पता चलता है कि संशोधित बजट में निर्धारित 5.8 फीसदी की तुलना में राजकोषीय घाटा घटकर 5.6 फीसदी रह गया है। बजट प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर में कई तरह के बदलाव लाता है। हालांकि अप्रत्यक्ष करों, विशेष रूप से जीएसटी का सरलीकरण एक सकारात्मक कदम है। लेकिन कर कटौती एवं उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे अब भी हैं। कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी से शेयरबाजार में सूचीबद्ध निवेशकों के लिए चिंताएं बढ़ी हैं। सूचीबद्ध वित्तीय संपत्तियों पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 फीसदी से बढ़ाकर 12.5 फीसदी कर दिया गया है, जबकि शॉर्ट टर्म गेन पर टैक्स को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। सरकार ने सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध, दोनों प्रतिभूतियों के लिए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की दर को एक समान 12.50 फीसदी रखकर दोनों के बीच के अंतर को पाट दिया है। यह गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए दर में बड़ी कमी है, जिससे स्टार्ट-अप्स में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सोना एवं चांदी पर कर घटाकर छह फीसदी कर दिए जाने से इनकी तस्करी तो घटेगी ही, मूल्यवर्धन एवं निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा एंजल टैक्स हटाने से स्टार्ट-अप को भी बड़ी राहत मिली है। व्यक्तिगत कराधान के मामले में बजट ने कई लोगों को निराश किया है। जबकि प्रति व्यक्ति 17,500 रुपये की सकल कटौती के साथ कुछ कर राहत दी गई है। कर संरचना के छह स्लैब को बनाए रखना शायद अनावश्यक रूप से जटिल है। तीन-स्लैब की संरचना अधिक सरल होती।

बजट का एक और महत्वपूर्ण पहलू विवाद समाधान पर ध्यान केंद्रित करना है। विवाद से विश्वास योजना की शुरुआत का उद्देश्य कुछ लंबित आयकर विवादों को हल करना है। प्रत्यक्ष कर, उत्पाद शुल्क और सेवा कर से संबंधित अपील दायर करने की मौद्रिक सीमा बढ़ा दी गई है, लेकिन यह अधिक प्रभावी होता, यदि उच्च न्यायालय के निर्णयों का बेहतर सम्मान करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के लिए सीमा कम से कम 50 करोड़ रुपये तक बढ़ा दी जाती। कुल मिलाकर, यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आगामी पांच साल के लिए ठोस नींव रखता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में राहत और प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिसमें रोजगार सृजन, शहरी विकास और महिला कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। हालांकि, बजट मध्यम वर्ग की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहा है, जो लगातार कर बोझ उठाता है। पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि इक्विटी संस्कृति को भी कम कर सकती है, जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

बांग्लादेशः शेख हसीना को चरम भ्रष्टाचार और विकराल बेरोजगारी पर पाना होगा काबू तभी दे पाएंगी नया संदेश

बांग्लादेश एक बार फिर संकट के कगार से वापस लौट आया है, जिसमें न्यायालय के उस निर्णय से मदद मिली है, जिसमें 1971 में पाकिस्तान के साथ मुक्ति युद्ध में संघर्ष करने वाले लोगों के वंशजों के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं नौकरियों में आरक्षण कोटे में भारी कटौती की गई है। अदालत ने स्वतंत्रता सेनानियों के कोटे को 30 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया है, जबकि नस्लीय अल्पसंख्यकों के दो फीसदी के कोटे को बरकरार रखा है और योग्यता आधारित चयन के लिए 93 फीसदी सीटें खुली रखी हैं।

शीर्ष अदालत ने आरक्षण को पूरी तरह खत्म नहीं किया, बल्कि निचली अदालत के उस फैसले को रद्द किया है, जिससे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने शेख हसीना सरकार और आंदोलनकारी छात्रों, दोनों की प्रतिष्ठा बचाई है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हसीना सरकार, जो विरोध प्रदर्शन की गंभीरता का आकलन करने में पूरी तरह विफल रही, बाद के हालात से कैसे निपटती है। यह एक लंबी प्रक्रिया की केवल शुरुआत है, जबकि सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार और युवाओं में बेरोजगारी जैसे गहरे कारण अब भी बने हुए हैं। हसीना के इस बयान ने भी आंदोलन को हवा दी कि %अगर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं, तो क्या रजाकारों के लिए आरक्षण होना चाहिए।% उनका यह बयान इस्लामवादियों के खिलाफ उनके राजनीतिक हमले

का एक हिस्सा था, जो अंदर और बाहर से उन्हें चुनौती देते रहते हैं। 'रजाकार' उन समूहों को कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारियों ने 1971 में बांग्लादेश के हितों के खिलाफ किया था। इसने आंदोलनकारियों को भड़का दिया, जो किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबद्धता से इन्कार करते हैं। लेकिन बांग्लादेश में इस्लामी कट्टरपंथियों के आंदोलन का एक लंबा इतिहासहै, जिन्हें कथित रूप से बाहर से बढ़ावा मिलता है, जो किसी भी विरोध प्रदर्शन को हथिया लेते हैं और मौजूदा प्रदर्शन इसका अपवाद नहीं है। आंदोलनकारी छात्र आरक्षण की इस व्यवस्था को भेदभावपूर्ण मानते हैं और योग्यता के आधार पर भर्ती की मांग करते हैं। आजादी के बाद से यह बांग्लादेश का सबसे खराब संकट है, जिसमें अनुमानतः 100 से 130 लोगों की मौतें हुई हैं (आलोचकों का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक है)। आंदोलन कई हफ्तों तक चला। इस आंदोलन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, जमात-ए इस्लामी एवं अन्य सामाजिक रूप से शक्तिशाली इस्लामी कट्टरपंथी समूहों की भूमिका देखी जा सकती है। पंद्रह साल से अधिक समय से लगातार सत्ता में काबिज हसीना, दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली महिला नेता हैं, जो वस्तुतः एकतरफा शासन करती हैं और उन पर तानाशाही के आरोप हैं। उन्हें बढ़ते मध्यम वर्ग से भी निपटना है, जो उनकी सरकार की आर्थिक प्रगति से मजबूत हुआ है, जो महत्वाकांक्षी है और नौकरी व बेहतर जीवन चाहता है। मुक्ति आंदोलन बांग्लादेशियों की भावनात्मक जीवन रेखा है, लेकिन आबादी के एक बड़े वर्ग ने उसमें भाग नहीं लिया था। इसी वर्ग की तीसरी पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनकी तीसरी-चौथी पीढ़ियों को मिलने वाले आरक्षण को गैर-जरूरी मानती है, और अपनी कीमत पर कुछ लोगों को विशेषाधिकार दिए जाने से नाराज है। 17 करोड़ की आबादी वाले इस दक्षिण एशियाई राष्ट्र में आंदोलन कोई नई बात नहीं है, पिछले हफ्ते के प्रदर्शन जितने तीव्र थे, वैसे आज तक नहीं देखे गए। हालांकि 2009 में शेख हसीना के सत्ता में लौटने के बाद से बांग्लादेश तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन अन्य विकासशील देशों की तरह इसने पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं की है। यह कोविड-19 महामारी के कारण मंदी से जूझ रहा था, जब यूक्रेन युद्ध के कारण तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। एक अनुमान के मुताबिक, 1.8 करोड़ बांग्लादेशी युवा रोजगार की तलाश में हैं। कम पढ़े-लिखे की तुलना में उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं में बेरोजगारी दर ज्यादा है। यह संकट मुल्क में सामाजिक बदलाव की स्थिति को भी दर्शाता है। पिछले आंदोलनों का नेतृत्व सरकारी विश्वविद्यालयों ने किया था, लेकिन इस बार निजी विश्वविद्यालयों की भागीदारी भी बराबर रही, जहां धनी परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। इस संकट ने बांग्लादेश के पड़ोसी देशों को भी चिंतित किया। वास्तव में यह आंदोलन तभी पनपने लगा था, जब हाल ही में हसीना ने दो बार भारत का दौरा किया। हसीना सरकार के प्रति दोस्ताना रवैया रखने वाले भारत ने इसे बांग्लादेश का अंदरूनी मामला बताया है, जबकि बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करने वाले भारत के पूर्वोत्तर राज्यों ने नेपाली, भूटानी एवं अन्य राष्ट्रों के छात्रों को वहां से निकलने में मदद की। 4,300 किलोमीटर की सीमा के दोनों ओर 600 से ज्यादा ट्रक फंसे हुए हैं, जिससे व्यापार और मानव आवाजाही प्रभावित हो रही है।

विधायिका एवं कार्यपालिका पर काफी पकड़ रखते हुए भी हसीना मदद के लिए न्यायपालिका पर निर्भर थीं। उनकी सबसे बड़ी चुनौती हर स्तर पर फैला भ्रष्टाचार है, जिसके कारण देश ही नहीं, विदेश में भी उनकी आलोचना होती है। आलोचकों का कहना है कि बांग्लादेश के जन्म के साथ ही जिस तरह से शासन चलाया जाता रहा है, उसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसका फायदा सत्ता केंद्र के आसपास के लोग तो उठाते ही हैं, प्रशासन एवं बढ़ते व्यवसायी वर्ग भी उठाते हैं।

पिछले हफ्ते हसीना ने कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं और यह बहुत पुरानी समस्या है। उन्होंने अपने एक घरेलू सहायक (चपरासी) के खिलाफ कार्रवाई की, क्योंकि उसने कथित तौर पर 3.4 करोड़ डॉलर जमा कर लिए थे। बांग्लादेशी मीडिया का कहना है कि इतनी धनराशि केवल सरकारी ठेकों के लिए पैरवी, भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी से ही जमा की गई होगी। सत्ता में उनका लंबे समय तक बने रहना आकांक्षाओं और गुस्से, दोनों को जन्म देता है। यह संकट हसीना के लिए चेतावनी है कि अगर वह देश को मध्यम आय वाला राष्ट्र बनाना, इसे बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथियों से सुरक्षित रखना और अपने पिता व बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को पूरा करना चाहती हैं, तो उन्हें कई मुद्दों से निपटना होगा।

देवबंद में आयोजित समाधान दिवस पर नौ शिकायतें दर्ज हुई

मात्र एक शिकायत का ही मौके पर हुआ निस्तारण

गौरव सिंघल। सिटी चीफ, सहारनपुर । देवबंद, देवबंद में आयोजित हुए समाधान दिवस में नौ शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से एक शिकायत का ही मौके पर ही निस्तारण किया जा सका। खंड विकास कार्यालय देवबंद पर एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में केवल नौ फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर अधिकारियों के समक्ष पहुंचे। जिसमें राजस्व विभाग की तीन, पुलिस से संबंधित पांच और ऊर्जा निगम से संबंधित एक शिकायत पहुंची। जिनमें से मात्र एक शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। एसडीएम ने अन्य शिकायतों का भी त्वरित निराकरण कराने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए है। इस मौके पर तहसीलदार पुष्पांकर देव, बीडीओ आजम अली समेत तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

31 अगस्त तक जनपद की सभी रिक्त दुकानों का कराएं व्यवस्थापन :- डीएम मनीष बंसल

निलंबित चल रही दुकानों की बहाली व निरस्तीकरण की प्रक्रिया को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

गौरव सिंघल । सिटी चीफ सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में राशन कार्डों के सत्यापन एवं रिक्त दुकानों के व्यवस्थापन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 31 अगस्त तक जनपद की सभी राशन की उचित दर की रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि के खाली चल रही उचित दर की दुकानों पर 15 दिन के अंदर ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कराई जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों और उपायुक्त स्वत: रोजगार को निर्देशित किया कि उनके स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही में विलंब न हो। डीएम ने कहा कि दुबारा 15 दिन के अंदर समीक्षा की जाएगी अगर किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए राशन कार्डो के लिए प्राप्त आवेदनों का 15 अगस्त तक सत्यापन करने के निर्देश बीडीओ को दिए। निलंबित चल रही दुकानों की बहाली व निरस्तीकरण की प्रक्रिया को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम मनीष बंसल ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन के कार्य को तेजी से करते हुए 15 अगस्त तक सत्यापन का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों जिनके राशन कार्ड नहीं है उनके राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार बनाएं जाएं। साथ ही निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा नि:शक्त पेंशन योजना के ऐसे पात्र लाभार्थी जो कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आच्छादित होने से छूट गये है, का सत्यापन कराते हुए उन्हें भी पात्र पाये जाने की स्थिति में राशनकार्ड निर्गमन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद में सघन अभियान चलाकर अपात्रों को चिन्हित कर उनका राशन कार्ड निरस्त करते हुए तत्काल पात्रों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सत्यापन टीम द्वारा जांच में पाए जाने वाले जिन अपात्र कार्डधारकों का राशनकार्ड निरस्त किया जाए उसको नोटिस देकर अपात्रता का कारण भी स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया जाए। जनपद में बन रही 75 मॉडल उचित दर की दुकानों में शेष को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, उप जिलाधिकारी सदर युवराज सिंह, उप जिलाधिकारी नकुड़ संगीता राघव, उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान सुरेंद्र कुमार, उपायुक्त स्वत: रोजगार इन्द्रपाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सहित खण्ड विकास अधिकारी, डीपीआरओ आलोक कुमार सहित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे।

पिता के प्रेमीका को बेटी ओर 3 मौसी ने उतारा मौत के घाट

पुलिस ने चारों महिला आरोपियों को किया गिरफ्तार

संजय चव्हाण । सिटी चीफ वाशिम, महाराष्ट्र के वाशिम जिले से हत्या का हैरान कर देनेवाला मामला सामने आया है. जहां चार महिलाओंने मिलकर एक महिला को मौत के घाट उतारा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौकेपर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम केलिए भेजकर मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने बताया कि इस हत्या को अंजाम अवैध संबंधों के चलते दिया गया. चारों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. बताया जा रहा है कि जिले के कारंजा शहर गौतम नगर इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय मनीषा नागेश कुंभलवार के घर सोमवार को 4 महिलाएं ईट पत्थर लेकर पहुंची और उस पर हमला कर दिया. इस घटना में वो गंभीर रूप से घायल हो गई. पड़ोसी घायल महिला को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया!

थाना कोतवाली अलीराजपुर को मिली सफलता

02 आरोपीयो गिरफ्तार, चोरी किया गया बोलेरो वाहन जप्त

रिज़वान शेक । सिटी चीफ अलीराजपुर, दिनांक 09.01.2024 को फरियादी त्रिलोकसिह डावर निवासी चारभुजा कालोनी अलीराजपुर ने थाना कोतवाली अलीराजपुर पर रिपोर्ट लिखाई कि मेरे पास एक बोलेरो वाहन क्रमांक स्क्क 69 क्र 0185 है जो मै अपने घर के बाहर चारभुजा कालोनी मे खडा करता हुँ। मैने अपने बोलेरो वाहन मेरे घर के बाहर खडा कर घर के अन्दर सोने के लिये चला गया था अगले दिन सुबह मैने उठकर देखा तो मेरा बोलेरो वाहन खडे किये स्थान पर नही दिखाई दिया । कोई अज्ञात बदमाश मेरा बोलेरो वाहन चुरा कर ले गया है, । मैरे बोलेरो वाहन की किमत 6,00,000/- रुपये है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध पंजिबध्द कर विवेचना मे लिया गया । दौराने विवेचना मुखबिर सुचना के आधार पर आरोपी आरोपीगण मुजम्मिल उर्फ सोनु उर्फ जादु पिता फिरोज खान उम्र 21साल निवासी कुम्हारवाडा अलीराजपुर व शाकिर उर्फ बुढ्ढा पिता गुलाम रसुल मकरानी उम्र 21 साल निवासी सुभाष मार्ग अलीराजपुर को गिरफ्तार कर मनोवैज्ञानिक रुप से पुछताछ की गयी। पुछताछ के दौरान आरोपीयो द्वारा बोलेरो वाहन चोरी करना कबुल करने से चोरी गया बोलेरो वाहन किमती करिबन 06 लाख रुपये का जप्त किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदिप पटेल व स्ष्ठह्वक्क अलीराजपुर श्री अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अलीराजपुर श्री शिवराम तरोले के निर्देशन में गठित टिम मे उनि रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व मे प्रआर. 118 सुनिल डुडवे व आर. 475 गंगाराम, आर.. 465 नागरसिह, आर. 417 अनिल का सराहनिय योगदान रहा।

आँगनबाड़ी केन्द्र पड़ौर क्र. 236: बच्चों के पोषण और शिक्षा में लापरवाही का पर्दाफाश

सरकारी प्रयासों और योजनाओं के बावजूद बच्चों की स्थिति चिंताजनक

यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ अनूपपुर, आँगनबाड़ी केन्द्र पड़ौर क्र. 236 में बच्चों की स्थिति बेहद चिंताजनक है। राम जानकी समूह द्वारा संचालित इस केन्द्र में बच्चों को पौष्टिक आहार और उचित शिक्षा नहीं मिल रही है। जब हमारे संवाददाता अमित अमित तिवारी ने आँगनबाड़ी का दौरा किया, तो उन्होंने पाया कि वहां कुल 32 बच्चे हैं जिस में 10 बच्चे उपलब्ध थे उपस्थित थे, जिनके लिए लौकी की सब्जी और 21 रोटियाँ बनाई गई थीं। चावल भी तैयार किया गया था, जो बच्चों के लिए पर्याप्त नहीं था।

समूह की लापरवाही का नतीजा-राम जानकी समूह की लापरवाही के कारण बच्चों को उनके मेनू के अनुसार खाना नहीं मिल पाता। समूह द्वारा बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में गंभीर कमी देखने को मिली है। न केवल पौष्टिक आहार की कमी है, बल्कि बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। सरकारी योजनाओं के बावजूद, स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण बच्चों को अच्छी शिक्षा और पोषण से वंचित रखा जा रहा है।

पानी की समस्या- बच्चों के पोषण और शिक्षा के अलावा, पानी की समस्या भी गहरी है। आँगनबाड़ी केन्द्र में उपलब्ध पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है। स्थानीय महिलाओं ने शिकायत की है कि इस पानी का उपयोग करने से उनके बच्चों की तबीयत बिगड़ रही है। दूषित पानी के कारण बच्चों में पेट की बीमारियाँ और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ हो रही हैं।

सरकारी प्रयासों पर प्रश्नचिन्ह- प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों और आँगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन योजना शुरू की है, ताकि बच्चों को पौष्टिक आहार मिल सके। इस योजना के तहत प्रतिदिन बच्चों को अलग-अलग पौष्टिक आहार देने का प्रावधान है। बावजूद इसके, आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की संख्या कम है और जो बच्चे आते भी हैं, उन्हें पोषण और शिक्षा की कमी का सामना करना पड़ता है।

मिलीभगत और भ्रष्टाचार- सरकारी स्कूलों और आँगनबाड़ी केन्द्रों में प्रशासनिक मिलीभगत और भ्रष्टाचार के चलते बच्चों को न तो अच्छा खाना मिल पा रहा है और न ही अच्छी शिक्षा। सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक नहीं पहुंच पा रहा है, क्योंकि अधिकारी और समूह के सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

आवश्यक सुधार- आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान दें। बच्चों के भविष्य के लिए आवश्यक है कि उन्हें पौष्टिक आहार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में कठोर कदम उठाए और सुनिश्चित करे कि सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों तक पहुंचे।

समाज की जिम्मेदारी- समाज के सभी वर्गों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के अधिकारों की रक्षा करें। आँगनबाड़ी केन्द्रों और सरकारी स्कूलों में होने वाली लापरवाहियों को उजागर करें और सरकार से उचित कार्रवाई की मांग करें। बच्चों का भविष्य हमारे हाथों में है और हमें इसे सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

निष्कर्ष- आँगनबाड़ी केन्द्र पड़ौर क्र. 236 में राम जानकी समूह की लापरवाही से बच्चों के पोषण और शिक्षा की स्थिति बेहद दयनीय है। दूषित पानी की समस्या भी गंभीर है, जिससे बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है सरकार को चाहिए कि वह इस पर तुरंत संज्ञान ले और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करे, ताकि बच्चों को उनके अधिकार मिल सकें और उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

कटनी के मजदूरों का हंगामा

पार्षद भुट्टू यादव पर गुंडागर्दी और बुलडोजर की धमकी का आरोप

सुनील यादव । सिटी चीफ कटनी, कटनी जिले के माधवनगर अमिरगंज चांद मारी इलाके में कई सालो से कच्चा मकान बना रहने वाले मजदूरों ने इसके के पार्षद भुट्टू यादव के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया इलाके के लोगो ने आरोप लगाते हुए बताया की प्रतिदिन इलाके के पार्षद भुट्टू यादव द्वारा कुछ गुंडों के साथ इलाके में पहुंच कर लोगो से गली गलोच करते हुए उनके घरो पर बुलडोजर चलवाने की धमकी देता है। वही पुलिस प्रशासन भी उनका साथ दे रही है। चांदमारी इलाके के। रहने वाले मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया की वे करीबन यहां कच्चा मकान बना अपने परिवार के साथ रह रहे है लेकिन और नगर निगम द्वारा उनसे टैक्स भी वसूला जा रहा है लेकिन इलाके के पार्षद भुट्टू यादव कुछ गुंडों के साथ प्रतिदिन देर रात्रि घरों में घुस लोगो से गली गलोच किया जाता है वह कहा जाता है की वे सभी यहाँ से चले जाए नही तो उनके घरों में बुलडोजर चलवा दिया जायेगा वही कुछ घर पर तो पार्षद भुट्टू यादव द्वारा बुलजोर भी चलवा चुका है, पूरे इलाके में दहशद का महौल है वही इसके इसकी सूचना जैसे ही समाज सेवी ए के खान को लगी वह इलाके में पहुंच उनकी आपबीती सुनी और इलाके के रहवासियों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने की बात कही है।

कटनी जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर सुनीता सिंह ICU में भर्ती

सिविल सर्जन पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप

सुनील यादव । सिटी चीफ कटनी, कटनी शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ सुनीता सिंह को शासकीय जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है की सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा द्वारा दी जा रही प्रताड़ना के कारण महिला डॉक्टर सुनीता सिंह की तबीयत अत्यधिक मानसिक तनाव होने के कारण बिगड़ गई। तबीयत उस समय बिगड़ी जब डॉक्टर सुनीता सिंह जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात थी। जिला अस्पताल में उनका इलाज जारी है। जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात कहते हुए बीते एक माह से महिला चिकित्सक डॉक्टर सुनीता सिंह लगातार उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए शिकायत पर शिकायत कर रही है, लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हो पाई। बताया जाता है कि कार्यवाही ना हो पाने के कारण ही डॉक्टर यशवंत वर्मा और अधिक परेशान करने लगे हैं। जिस बात से मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। जब महिला डॉक्टर सुनीता सिंह जिला अस्पताल में ड्यूटी कर रही थी उसे दौरान उनका ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ गया बताया जाता है। जिसके बाद तत्काल उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।,आपको बता दें कि बीते दिनों महिला डॉक्टर सुनीता सिंह अपनी शिकायत लेकर महिला थाने भी पहुंची थी। जहां पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने अपनी मानसिक प्रताड़ना का जिक्र करते हुए यह भी कहा था कि यदि न्याय नहीं मिलता तो वह आत्मघाती कदम भी उठा सकती है।

जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सिविल सर्जन एवं अन्य जिम्मेदार लोगों की होगी। वही इस मामले के बाद एक के बाद जिला अस्पताल के पुराने वीडियो जिसमे पीड़ित डॉक्टर सुनीता सिंह और साथ महिला डॉक्टरों की बहस होने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगी वही एक वीडियो और सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिसमे जिला अस्पताल के सीवल सर्जन मीडिया कर्मियों को इस मामले में कुछ भी कहने से इंकार करते रहे और मीडिया कर्मियों पर ही सवाल खड़े करते रहे वही देर शाम को जब यह मामला जिले में पूरी तरह फैल गया तो सिविल सर्जन यशवंत वर्मा जिनके ऊपर उनके ही महिला डॉक्टरों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप है वह पीड़ित महिला डॉक्टर के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया की उनके पास मरीज के द्वारा शिकायत मिली है की वह मरीज के साथ अभद्रता की है इसका जवाब दे। वही इस पूरे मामले में महिला थाना प्रभारी रश्मि सोनकर का कहना है की महिला डॉक्टर की शिकायत पर जांच की जा रही है।

अमिरगंज चांदमारी के निवासियों ने कलेक्ट्रेट में की शिकायत

पार्षद की धमकियों से परेशान, एडीएम ने जांच का दिया आश्वासन

सुनील यादव । सिटी चीफ कटनी, कटनी जिले के माधवनगर अमिरगंज चांद मारी इलाके में कई सालो से कच्चा मकान बना रहने वाले मजदूरों ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने पहुंचे जहा इन बस्ती के लोगो को देख कलेक्टर अपनी गाड़ी में बैठ कलेक्ट्रेट कार्यालय से चले गए जिसके बाद सभी अपनी समस्या एडीएम कों शीकायत पत्र के माध्यम से सुनाई। ये सभी इलाके के पार्षद भुट्टू यादव अपने कुछ लोगो द्वारा जबरन बस्ती के लोगो को घर खाली कराने के लिए देर रात्रि डराने धमाके के मामले से कई माह से परेशान है। कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे इन बस्ती के लोगो के साथ पहुंचे समाज सेवी ए के खान ने आरोप लगाते हुए बताया की ये सभी माधवनगर आमिरगंज चांदमारी इलाके में कई सालो से कच्चा मकान बना अपने परिवार के साथ निवास कर रहे है लेकिन इलाके के कुछ जनप्रतिनिधि इन गरीब लोगो को यहा से हटाने के लिए उन्हें देर रात्रि डराने धमकाने का काम करते है और जिला प्रशासन से इलाके घरों में बुल्डोजर चलवाने की धमकी दे रहे है। जिससे पूरी बस्ती के मजदूर वर्ग के लोगो डरे समाहमे है और न्याय की गुहार जिला प्रशासन से कई बार कर चुके है लेकिन आज तक इसकी सुनने वाला कोई नहीं है,जिसको लेकर आज वह पूरी बस्ती के निवासियों के साथ अपने गले में तखती तंग कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्ट्रेट कार्यालय के इस बस्ती के निवासियों के देख कलेक्टर साहब अपनी गाड़ी में बैठ रवाना हो गए जिसके बाद सभी ने एडीएम से मुलाकात कर अपनी पूरी अब बीती सुनाई। वही कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठे एडीएम ने इस सभी की शिकायत ले इस पूरे मामले में जांच का आश्वासन दिया है।

अनाज व्यापारी के साथ हुई लूट का बड़नगर पुलिस ने किया खुलासा

घटना में शामिल कुल 03 आरोपी गिरफ्तार, कुल 202500 रू का मश्रुका आरोपियों से किया बरामद

उज्जैन, दिनांक 13.07.24 को थाना बड़नगर पर फरियादी मनोहर खाबिया निवासी शिवाजी पथ बड़नगर के व्दारा बताया गया कि मेरी अनाज गल्ले की दुकान कैसुर रोड़ सांवरिया चौपाटी पर है रोजाना सुबह 05.00 बजे दुकान खोलने व अनाज खरीदने के लिए रुपये लेकर जाता हुँ आज भी सुबह करीबन सुबह 05.25 बजे मैं अपने घर से दुकान पर जाने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से निकला तथा झोले में 1,20000/- रुपए नगद जिसमें 500-500 के नोट की दो गड्डियां तथा ?200 के नोट की एक गाड्डी थी जब मैं अपनी दुकान पर जा रहा था तो अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खोब दरवाजा पर तीन लड़के एक लाल रंग की मोटरसाइकिल के पास खड़े थे व मेरी तरफ देख रहे थे मैं उन्हें वहीं खड़ा छोड़कर अपनी दुकान पर चला गया जहां जाकर मैंने अपनी दुकान का शटर खोला व दुकान पर रखे लकड़ी के गले में झोले में रखे 120000/- रुपए रखे वह गले को दुकान के बाहर टेबल पर ताला लगाकर रख दिया तथा करीब 05ः35 बजे में अपनी दुकान के बाहर जब झाड़ू लगा रहा था तभी जो तीन लड़के मुझे अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खड़े मिले थे वही तीनों लड़के लाल रंग की मोटरसाइकिल से मुंह पर कपड़ा बांधकर मेरी दुकान पर आए तथा पीछे बैठे लड़के ने मोटरसाइकिल से नीचे उतरकर अपने हाथ में लिए बेसबॉल जैसे डंडे से मेरे ऊपर अचानक हमला किया जिससे मुझे बाएं हाथ की अंगुली वह बाएं आंख के ऊपर चोट आई तभी मोटरसाइकिल पर बीच में बैठे लड़के ने मोटरसाइकिल से नीचे उतरकर मेरी टेबल पर रखा मेरा लकड़ी का गला जिसमें 120000/- रुपए रखे थे वह वहां से उठा लिया व मेरे उस गल्ले को लेकर तीनों लड़के मोटरसाइकिल पर बैठकर लोहान तरफ भाग गए। फरियादी की रिर्पोट पर थाना बड़नगर पर अपराध क्रमांक 351/24 धारा 309(6) बीएनएस दर्ज कर तुरन्त विवेचना प्रारम्भ की गई।

पुलिस कार्यवाही- मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारीयो के दिशा निर्देश पर अज्ञात आरोपियों की धरपकड हेतु टीम बनाकर भिन्न भिन्न स्तर से अनुसंधान प्रारंभ किया गया घटना स्थल तरफ आने जाने वाले विभिन्न मार्गो के 150 सीसीटीवी फुटेज के आधार पर। टीम व्दारा सतत कार्यवाही कर सीसीटीवी फुटेज मे अज्ञात आरोपीयो की पतारसी करते पीरझलार होते हुवे गौतमपुरा पहुचे जहाँ पर सीसीटीवी फुटेज चैक करते घटना स्थल पर देखी गई मोटर साईकिल रुनजी चौराहा पर देखी गई।घटना मे उपयोग हुई काले रंग लाल पट्टे की मोटर साईकिल के बारे मे पुछताछ करते मुखबिर से सुचना मिली कि उक्त मोटर साईकिल शुभम पिता बंशीलाल जाति नाई की होना बताया।टीम द्वारा तलाश करते शुभम पिता बंशीलाल निवासी रुनजी गौतमपुरा की तलाश कर शुभम कृषि मंड़ी मे दुकान पर मिला।जहाँ पर शुभम से मोटर साईकिल के बारे मे पुछताछ करते मोटर साईकिल स्वंय की होना बताया। मोटर साईकिल के बारे मे पुछते शुभम द्वारा बताया गया कि मेरी मोटर साईकिल दिनांक 12.07.2024 की शाम 06.00 बजे मेरा दोस्त असलम पिता सलीम मंसुरी निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गोतमपुरा अपने परिवार के व्यक्ति को इलाज के लिये ले जाने का कहकर ले गया था।शुभम की सुचना पर से तत्काल असलम के घर पहुचा जहाँ पर पुलिस को आता देख भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को पकड़ा जहाँ नाम पता पुछते अपना नाम असलम पिता सलीम मंसुरी निवासी पिजारा मोहल्ला रुनजी होना बताया। घटना के संबंध मे असलम से पुछताछ करते अपने साथी मनीष उर्फ उमेश पिता लाखन निवासी रुनजी गौतमपुरा और जाहिद पिता नजीर मंसुरी निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गौतमपुरा के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया। टीम द्वारा दोनो आरोपीयो की तलाश कर गौतमपुरा से गिरफ्तार किया गया।आरोपीयो से पुछताछ करते अपना जुर्म करना स्वीकार किया। बाद आरोपीयो से व्यापारी से लूटे गये नगदी रुपयो के बारे मे पुछताछ करते बताया गया कि लूटे गये नगदी रुपये हम लोगो ने आपस मे बाँट लिये जिसमे असलम पिता सलीम ने 60000/-रुपये ,उमेश उर्फ मनीष पिता लाखन ने 20000/-रुपये और जाहिद पिता नजीर ने 40000/-रुपये बांटना बताया। बाद आरोपियों को समक्ष पंचान विधिवत गिरफ्तार किया गया । प्रकरण में गिरफ्तार शुदा आरोपी 01. असलम मंसुरी पिता सलीम मंसुरी उम्र-24 साल निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गौतमपुरा से नगदी 54500/-02. मनीष उर्फ उमेश पिता लाखन भील उम्र-20 साल निवासी रुणजी गौतमपुरा से नगदी 16500/- 03. जाहिद पिता नजीर मंसुरी जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गौतमपुरा से 31500/- कुल नगदी 102500/- रूपये,एक प्लसर मोटर सायकल व लूटा हुआ लकड़ी का गल्ला जप्त किया। जो गल्ला पैसे निकालने के बाद घटनास्थल से 01 कि.मी.कैसुर-लोहाना रोड़ किनारे झाड़ियो मे फेक दिया था।

तरिका-ए-वारदात - घटना दिनांक 13.07.2024 से एक दिन पहले आरोपी असलम पिता सलीम अपने साथी जाहिद मंसुरी के साथ अनाज व्यापारी के यहाँ पर मौका देखने आया।असलम ने अपने साथी उमेश उर्फ मनीष पिता लाखन निवासी रुणजी गौतमपुरा और जाहिद मसुरी पिता नजीर मसुरी निवासी पिंजारा मोहल्ला रुणजी गौतमपुरा के साथ मिलकर अनाज व्यापारी के यहाँ लूट करने की योजना बनाई। फिर दिनांक 13.07.2024 की सुबह 04.00 बजे एक काले रंग लाल पट्टे की बजाज प्लसर मोटर साईकिल से बड़नगर आये और अनाज व्यापारी की दुकान पर आकर आरोपी मनीष उर्फ उमेश पिता लाखन द्वारा फरियादी मनोज खाबिया को सिर पर बेसबॉल का डंड़ा मारा व आरोपी जाहिद पिता नजीर मंसुरी ने बाहर रखा गल्ला उठाकर मोटर साईकिल कैसुर रोड़ की तरफ भाग गये।

नाम आरोपी:-

01.असलम मंसुरी पिता सलीम मंसुरी उम्र-24 साल निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गौतमपुरा

02.मनीष उर्फ उमेश पिता लाखन भील उम्र-20 साल निवासी रुणजी गौतमपुरा

03.जाहिद पिता नजीर मंसुरी जाति मुसलमान उम्र 25 साल निवासी पिंजारा मोहल्ला रुनजी गौतमपुरा

आपराधिक रिकार्ड:- आरोपी जाहिद मंसुरी पिता नजीर मंसुरी के विरुद्ध जिला रतलाम के थाना नामली में डकैती की धारा में एक प्रकरण दर्ज है।

मिला माल:-

01.नगदी 102500/-रुपये

02.एक लकड़ी का गल्ला

03.एक बजाज प्लसर मो.सा.क्रं.एम.पी.09 ड़ी.सी.5852 कीमति 100000/-

कुल जप्ती कीमती करीब 202500/-रुपये.

सराहनीय भूमिका- एसडीओपी श्री महेन्द्र सिंह परमार अनुभाग बडनगर , निरीक्षक श्री अशोक पाटीदार,उनि.सतेन्द्रसिंह चौधरी,उनि.राकेश चौहान,उनि.प्रतीक यादव(सायबर सेल),सउनि मानसिंह वास्कले,सउनि भुरिया मोहरे,सउनि नारायणसिंह वास्कले,प्र.आर.576 राहुलसिंह,प्र.आर.918 हेमराज खरे, प्रआर प्रेम सबरवाल(सायबर सेल) ,प्र.आर.राजपालसिंह(सायबर सेल),आर.09 रामचरण चौहान ,आर.476 रुपेश पर्ले,आर.939 अजय चौहान,आर.1314 संदीप बामनिया,आर,736 मुकेश नागर,आर.1134 मयंक राव,आर.1473 शोभित शुक्ला,म.आर.1696 ज्योति हाड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

कटनी में 11 हजार वोल्टेज की तार गिरने से युवक की मौत

पूर्व पार्षद ने एमपीईबी और नगर निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

सुनील यादव । सिटी चीफ
कटनी, कटनी जिले के कावस जी वार्ड में देर रात्रि 11 हज़ार वोल्टेज की मेंन लाइन की तार टूटने की वजह से बस्ती का एक युवक अंकित बमनेहा उम्र 23 साल नाम का करंट की चपेट आ जाने पर स्थानीय लोगो ने लाठी डंडो से युवक को तार से निकाला तार टूटने के कारण पूरी बस्ती मे करंट फेल गया था जिसमें अंकित नामक युवक की जान चली गई। वही पूर्व पार्षद राजेश जाटव ने एमपीईबी के अधिकारी कर्मचारियों और नगर निगम के प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वही युवक के पोस्टमार्टम के दौरान इलाके के लोगो बड़ी संख्या में पहुंच गए और गहमा गहमी का माहौल बना रहा जिसे दिखाते हुए मौके पर रंगनाथ नगर की थाने की पुलिस बल और तहसीलदार भी पहुंच गए।

इस संबंध में स्थानीय पूर्व पार्षद राजेश जाटव ने आरोप लगाते हुए बताया विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी और नगर निगम की लापरवाही के चलते इस हादसे में एक युवक की जान चली गई। राजेश जाटव ने बताया की युवक को करंट लगाते ही तत्काल एम पी बी अधिकारी को इसकी सूचना दीं गईं और लाइट को तत्काल बंद करवाया गया। वही इस हादसे को लेकर पूर्व पार्षद राजेश जाटव ने यह आरोप भी लगाया की 10 दिन पूर्व भी तार विद्युत विभाग की इसी तरह टूटी थी लेकिन तार को अच्छे से नहीं बनाया गया और रात में विद्युत विभाग की तार अचानक टूट गई जिसकी चपेट में आने से अंकित नमक युवक आ गया और उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई इस हादसे को लेकर मृत युवक के परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया जिसकी जानकारी लगते ही स्थानीय प्रशासन से तहसीलदार बी.के.मिश्रा, विद्युत मंडल से अधिकारी मुकेश महोबे मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराते हुए मृतक के परिवार वालों को चार लाख की राशि और 25 हजार कि राहत राशि देने की बात की तब जाकर परिजनो का आक्रोश शांत हुआ।

शक्ति केंद्र मतवारा में भाजपा शक्ति दल की बैठक संपन्न

एक वृक्ष मां के नाम से तुलसी सहित अन्य वृक्ष लगाए गए

श्री निवास मिश्रा । सिटी चीफ
मैहर, मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मतवारा में भाजपा शक्ति दल की बैठक का आयोजन किया गया। उपयुक्त बैठक में भाजपा शक्ति दल के सभी पदाधिकारियो की उपस्थिति में शक्ति केंद्र मतवारा अंतर्गत भाजपा संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष एवं बूथ महामंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई बैठक में शक्ति केंद्र के प्रभारी रमाकांत दुबे ,संयोजक वीरेंद्र चतुर्वेदी ,सह संयोजक इंद्रपाल पटेल ,सोने लाल पटेल ,बाल्मिक पटेल ,अंबिका प्रसाद मिश्रा, पहलाद पटेल ,चंद्रभान पटेल, लाल जी सोनी ,जिगर पटेल , अशोक विश्वकर्मा ,भारत पटेल, भैया लाल कोल, सुरेश कुमार सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे भाजपा की बैठक में सभी ने संकल्प लिया कि हम अपने आसपास अपील करेंगे और स्वयं भी एक वृक्ष मां के नाम से जरुर लगाएंगे हनुमान मंदिर मतवारा में तुलसी का पेड़ तथा अन्य वृक्ष भी लगाए गए साथ ही सुरक्षा व्यवस्था देखने की जवाबदारी भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से ली गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक कि उपस्थिति में आयोजित हुई रोगी कल्याण समिति कि बैठक

जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे, कोई भी व्यक्ति की इलाज के अभाव में मृत्यु ना हो: अनुभा

लकेश पंचेश्वर। सिटी चीफ बालाघाट । लालबर्रा, यहां पर आठ डाक्टरों का पद स्वीकृत हैं लेकिन यहां पर 8 में से दो ही डाक्टर काम कर रहे हैं बीएमओ खुद काम करते हैं यह दोनों मिलकर पुरे मरीजों को देखते है तो यह बड़े अफसोस कि बात है एक तरफ हमारी सरकार कहती हैं हम ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं और हमारा लक्ष्य है कि जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचे और कोई भी व्यक्ति कि इलाज के अभाव में उसकी मृत्यु ना हो एक तरफ मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह कहती हैं डॉ मोहन यादव जी कि सरकार यह कहती हैं दूसरे तरफ हम देख रहे हैं की इतने बड़े अस्पताल आठ डॉक्टरों के स्वीकृत पद होने के बाद मात्र दो डाक्टर सेवाएं दे रहे हैं उक्त बातें रोगी कल्याण समिति कि आयोजित बैठक में विधायक अनुभा मुंजारे ने कही। विदित हो कि 23 जुलाई दिन मंगलवार को लालबर्रा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समीति बैठक बैठक आहूत हुई जिसमें मुख्य अतिथि में श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट, डॉ नैनो इंडोलिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी,शैलेष केकती पुर्व जनपद सदस्य,मनोहर अग्रवाल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सहित अन्य सभी वरिष्ठ जनों कि उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई। जिसमें विधायक अनुभा मुंजारे ने विस्तार से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी जानकारी बीएओ डॉ नैनो इंडोलिया से ली तथा बीएमओ सर के द्वारा विधीवत रुप से सारी जानकारियों से क्रमबद्ध रूप से अवगत कराया गया तथा अस्पताल परिसर में लगे अतिक्रमण हटाने पर चर्चा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम पर चर्चा कि जिसमें आशा कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी व महिला बाल विकास द्वारा घर घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से अवगत कराये जाने कि बात कही गई वहीं उपस्थितों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में बिलीचिंग पाउडर का वितरण नहीं किया गया है,जिस पर विधायक महोदया द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल ही बिलीचिंग पाउडर वितरण करने के निर्देश दिए गए तथा जो बैठक में अनुपस्थित रहे उन पर कार्यवाही कि बात भी कही, वहीं दो वर्ष पूर्व जो अस्पताल के स्टोर रूम में जो अचानक आग लगी थी उसके बारे में भी जानकारी ली गई जिस पर अवगत कराया गया कि जिले स्तर से जांच समिति का गठन किया गया था।

सभी वार्डों का निरीक्षण कर जाना मरीजों का हालचाल -ज्ञात हो कि रोगी कल्याण समिति कि बैठक समाप्त होने पश्चात विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा अस्पताल के सभी कमरों में जाकर देखी जिसमें दवाई वितरण कक्ष,खुन जांच कक्ष, उसके बाद जिस रुम में आग लगी थी वहां पर भी जाकर देखा गया फिर मरीजों से जाकर उन्हें उपचार सही मिल रहा है कि नहीं,दवाई समय पर मिल रही है कि नहीं, भर्ती मरीजों को कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है उनसे मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे जानकारी ली गई तथा उचित उपचार हेतु निर्देशित किया गया।

प्रेस से चर्चा करते हुए श्रीमती मुंजारे ने कहा कि इस अस्पताल में 77 ग्राम पंचायतों के नागरिक जन स्वास्थ्य लाभ लेने यहां आते हैं इलाज के लिए आते हैं लेकिन मूलभूत सुविधाएं स्वास्थ्य सेवाएं उनको नहीं मिल पा रही है जगह की कमी है अस्पताल में जो व्यवस्था होना चाहिए उपकरण होना चाहिए उनकी यहां पर कमी नजर आती है,और इतना बड़ा एरिया कवर करता है हमारा अस्पताल लेकिन एंबुलेंस नहीं है जैसा कि हमने जानकारी ली बड़े अफसोस की बात है कि विगत दो साल पहले जो राज्यसभा सदस्य हैं माननीय विवेक तनख्वा जी इन्होंने अपनी सांसद निधि से पांच लाख एंबुलेंस के लिए प्रदान किये थे यहां के जनप्रतिनिधियों के प्रयास से ये बात सफल हो पाई थी राशि मिल पाई थी लेकिन अफसोस की बात है कि उसका समय पर उपयोग नहीं हो पाने के कारण एम्बुलेंस क्रय नहीं होने के कारण यह राशि जानकारी अनुसार वापस चले गई यह बड़े अफसोस की बात है। एक तरफ विकास कार्यों के लिए हमारे जनप्रतिनिधि सहयोग देना चाहते हैं और हम उनको उपयोग नहीं कर पा रहे हैं कहीं ना कहीं इसमें बहुत बड़ा दोष नजर आता है और यहां पर जगह की कमी है अभी नया अस्पताल बनना है नया भवन बनना है यह अस्पताल हमारे तीस बिस्तरों का नया भवन बनने की प्रक्रिया जो है शुरू होने वाली है निकट भविष्य में लेकिन जमीन की बात आ रही है हमने पटवारी को भी यहां पर बुलवाया हुआ है यह पूरी जमीन को सीमांकन करके दे कितना बड़ा एरिया है और भविष्य में जब अस्पताल बने नई बिल्डिंग बने तो यह भी ध्यान रखना है कि 30 बिस्तरों का अस्पताल 50 बिस्तरों में उन्नयन हो सकता है निकट भविष्य 100बिस्तरों का भी हो सकता है ऐसी स्थिति में नया भवन बने पार्किंग व्यवस्था हो सारी सुविधाएं यहां मिले इस तरफ भी चर्चा हुई है सहित अन्य और भी बातें श्रीमती मुंजारे द्वारा कही गई। वहीं उक्त आयोजित बैठक में समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, पटवारी, महिला बाल अधिकारी लोग उपस्थित रहे हैं।

मैहर में गुरु पूर्णिमा समारोह का हुआ आयोजन

स्वामी परमेश्वर प्रकाश महाराज की समाधि स्थल का भूमि पूजन और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

श्री निवास मिश्रा। सिटी चीफ
मैहर, गुरुजी गुरु पूर्णिमा संत शिरोमणि रविदास सेवा समिति वार्ड क्रमांक एक अरकांडी मैहर जिला सतना मध्य प्रदेश हर साल की भांति इस साल 21 जुलाई 2024 को ब्रह्मलीन स्वामी परमेश्वर प्रकाश महाराज की एवं धर्मपत्नी माता पैसुनिया देवी की समाधि स्थल का सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने अपने वक्तब्य में कहा की जगत गुरु रविदास महाराज जी दिव्य चरण कमल को प्रणाम करता हूं और आज इस समिति के माध्यम से स्वामी परमेश्वर प्रकाश महाराज की समाधि स्थल का भूमि पूजन कर समिति के सदस्यों एवम कार्यक्रम संचालक को साधु वाद एवम धन्यवाद गुरु पूर्णिमा की बधाई दी, एवं महंत रामपाल महाराज जी के अतिथि हरीश साहब निशान का चोला बदल गया इसके उपरांत स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेवी मनीष तिवारी ने अपने उध्बोधन में कहा कि ,, हरिसो हीरा छाड़ के तय करही आन की आस ,, ते नर दो चक जाइये,, सत भाठे रविदास श्री तिवारी ने कहा कि परम् ब्रह्म सोय रूपी हीरे को कदाचित नही छोड़ना चाहिए, जो मनुष्य जैसा प्रभु हीरा छोड़कर अन्य की आशा रखते है, इस मौके पर उत्तम साकेत समाज सेवी, फूलचंद वरिष्ठ नेता, लवकुश वर्मा, कामता वर्मा, अत्रि मुनि, शंकर रविदासिया, वरिष्ठ संत बाबा रामदेव एवं एडवोकेट भैया लाल जी समिति सचिव, नीरज वर्मा समिति सदस्य, शिवमंगल साकेत समिति सदस्य, रामखेलावन वर्मा, रामू वर्मा वही स्वास्थ्य शिविर में लगभग 147 लोगों का पंजीयन कर निशुल्क सलाह एवं निशुल्क उपचार, निशुल्क दवाइयां वितरण की गई ,श्याम लाल पूर्व सरपंच, एवं इसके संगीत मैं रविदास संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तुत मास्टर मिही लाल, विजय वर्मा एवम एवं उनकी पूरी टीम का सहयोग का धन्यवाद दिया गया साथ ही कार्यक्रम का सफल संचालन कामता वर्मा के द्वारा किया गया।

रक्षाबंधन से पहले मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने दी लाड़ली बहनों को सौगात सावन की पहली तारीख को खाते में आएंगे 250 रुपए

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में लाड़ली बहनों के लिए एक अहम घोषणा करते हुए उन्हें रक्षाबंधन की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे। रक्षाबंधन पर जनप्रतिनिधि लाड़ली बहनों से राखी बंधवाएंगे। कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को ढाई सौ रुपए अंतरित किए जाएंगे। यह राशि लाड़ली बहनों के लिए शासन की ओर से प्रतिमाह जारी होने वाली 1250 रुपए की राशि से अलग होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रतिमाह जारी होने वाले 1250 रुपए पूर्वानुसार उनके खाते में जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनप्रतिनिधियों से रक्षाबंधन के पर्व पर सावन माह में अपने-अपने क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाने का आह्वान भी किया। मंत्रालय में हुई बैठक में आईटी नीति में संशोधन समेत कुछ अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में आईटी/आईटीईएस ईएसडीएम डाटा सेंटर क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मप्र आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति-2023 में संशोधन करने की स्वीकृति दी है। संशोधन अनुसार पात्र निवेशक इकाइयों को मप्र आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति-2023 का लाभ प्राप्त हो सकेगा। पात्र निवेशक इकाइयों को सिंगल विंडो क्लियरेंस, केपिटल एक्सेपेंडिचर और किराये में सहयोग, सस्ती दरों पर भूमि, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री में छूट, मार्केटिंग और क्वालिटी कंट्रोल में सहयोग इस नीति के तहत प्राप्त हो सकेगा।

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का नीमच प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

आपसी सहयोग और समर्पण भाव से ही संघ मजबूत होगा: प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया

श्री निवास मिश्रा । सिटी चीफ मैहर, मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ को और अधिक सशक्त बनाने के लिये प्रत्येक सदस्य को समर्पण भाव से कार्य करना पड़ेगा। वर्तमान दौर में संघ की गतिविधियों के दौरान देखी जा रही विसंगतियों को दूर करने के लिये सभी एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करें। यह विचार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के नीमच में रविवार क़ोआयोजित 24वें प्रांतीय सम्मेलन एंव प्रदेश कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता करते हुये संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने व्यक्त किये। उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों को प्रेरित करने के लिये संगठन के हितचिंतक रहे राष्ट्रीय कवि, सांसद एवं पूर्व मंत्री बालकवि बेरागी की कविता का उल्लेख किया इसमें बेरागी जी ने लिखा था कि

-एक दिन सूर्य से इतना भर मैंने कहा..
आपके साम्राज्य में इतना अंधेरा क्यूं रहा।
तमतमाकर वो दहाड़ा
मैं अकेला क्या करूं.. तुम निकम्मों के लिये मैं भला कब तक मरूं.. आकाश की आराधना के चक्करों में मत पड़ो..
संग्राम यह बहुत घनघोर है.. कुछ मैं लड़ूं...कुछ तुम लड़ो..!

इस कविता के माध्यम से सभी साथियों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिये जागरूक करने का प्रयास किया। श्री भदौरिया ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए जनहित के लिये सकारात्मक एवं उत्कृष्ट पत्रकारिता करने को कहा। श्री भदौरिया ने संघ की सभी जिला इकाईयों से कहा है कि वर्ष 2025 के सदस्यता अभियान अन्तर्गत सदस्यता का लक्ष्य वर्तमान वर्ष से 25 प्रतिशत अधिक करें। नये ऊर्जावान पत्रकारों को संघ की गतिविधियों से जोड क़र संगठन को मजबूत करने का कार्य तेज गति से किया जाये। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों का जिक्र करते हुये अवगत कराया कि कुछ स्थानों से प्रांतीय सम्मेलन एवं प्रांतीय कार्यसमिति आयोजित किये जाने के प्रस्ताव इंदौर और सीहोर जिला

इकाईयों से आये हैं। इन पर शीघ्र ही विचार कर निर्णय लिया जावेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सासंद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक पूर्व पत्रकार दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू, नगर पालिका अध्यक्ष श्वाति चौपड़ा, जिला कलेक्टर दिनेश जैन, जनसम्पर्क अधिकारी जगदीश मालवीय भी उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदेय की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर की छोटी छोटी बालिकाओं की सरस्वती वंदना कर किया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश पदाधिकारी भी मौजूद थे। सम्मेलन के सभी अतिथियों एवं प्रदेश के सभी जिलों से आये पत्रकारों का शाब्दिक स्वागत करते हुये संघ के नीमच जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने भावुक स्वागत भाषण में कहा कि कार्यक्रम के लिये जिले के वरिष्ठ समाजसेवियों ने अथक सहयोग प्रदान किया है। श्री जैन ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन किया। प्रांतीय सम्मेलन एवं प्रांतीय कार्यसमिति बैठक का विषय प्रवर्तन करते हुये संघ के वरिष्ठ नेता शरद जोशी ने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने,रेल रियायत पुन:शुरु करने,पत्रकार कल्याण आयोग गठित करने राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल नाको पर अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को छूट देने सहित पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर अतिथियों को अवगत कराया साथ ही मुख्यमंत्री को दिये ज्ञापन की प्रति भेंट की । कार्यकारी प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा महासचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें विगत एक वर्ष की गतिविधियों का लेखा-जोखा शामिल किया गया था। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे चर्चा और गंभीर विचार विमर्श के साथ सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।मंचासीन पूर्व मंत्री एवं जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा की भाजपा सरकार हमेशा पत्रकारों के हितों पर सकारात्मक सोच के साथ काम करती है। हमारी सरकार ने पत्रकारों की अनेक मांगों को पूरा किया है। आगे भी हम पत्रकार हितों के लिए सदैव आपके साथ है। विधायक श्री सखलेचा ने सभी पत्रकारों से कहा कि आज भी समाचार पत्रों की महत्वा व गुणवत्ता जीवंत है क्योंकि सजग पत्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा के साथ कर रहा है। समाचार पत्र को आज भी विश्वसनीय माना जाता है, सोसल मीडिया का दायरा तो बढ़ रहा है लेकिन जनता में पेठ नहीं हो पा रही है। कार्यक्रम में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा की पत्रकारों की तकलीफ परेशानियों को मैं अच्छे से जानता हूं क्योंकि में खुद पत्रकार रहा हूं इसलिए आप की हर उचित मांग को हम मुख्यमंत्री तक पहुंचाऐंगे और समाधान का प्रयास करेंगे। श्री परिहार ने मंच से स्वीकार किया कि एक दौर में जीवन यापन के लिये समाचार पत्र के वितरण से लेकर संपादकीय का कार्य ईमानदारी से किया था। इसलिये वह क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग ने अपनी पहुंच बनाने में सफल हो गये। वहीं मनासा विधायक अनिरूद्ध माधव मारू ने कहा की पत्रकार हमें जागरूक और जागृत करने का काम करते है। हम आपकी हर बात सरकार तक पहुंचा कर आपकी मांगों को पूरा कराने में सहयोगी बनेंगे। श्री मारू ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार पत्रकारों को भी अपनी कार्य की समीक्षा निरंतर करते रहना चाहिए। इसमें मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भी अपनी भूमिका का निर्वहन करें। कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा की प्रशासन ओर पत्रकार एक गाड़ी के दो पहिऐ है। आपके द्वारा उठाए हर बिन्दु पर हम गंभीरता से ध्यान देने का प्रयास करते है। इस कारण आम जनता का अत्यधिक हित होता है। प्रांतीय सम्मेलन में श्रमजीवी बुलेटिन विशेषांक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षगण दिलीप सिंह भदौरिया मोहम्मद अली, उपेन्द्र गौतम, अनिल त्रिपाठी, महासचिव सुनिल त्रिपाठी,कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव,सदस्यता छानबीन एवम् अभियान समिति संयोजक सरलप्रताप सिंह भदौरिया,इलट्रोनिक मीडिया सेल संयोजक मनोज गोस्वामी, संयुक्त सचिव नीरज सिंह रघुवंशी,प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिकुमार शर्मा,उज्जैन,रामकिशोर अग्रवाल छतरपुर ,अमित द्विवेदी सिंगरौली, राजकुमार दुबे मुरैना सहित प्रदेश के सभी जिलों से प्रदेश पदाधिकारियों तथा संभाग व जिले के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। आगंतुक अतिथियों का नीमच जिला इकाई के अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं उनकी टीम ने स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम दो सत्र में सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र प्रांतीय सम्मेलन और दूसरा प्रदेश कार्यसमिति बैठक के रूप में हुआ जिसमें पूर्व की बैठक के निर्णय और आगामी विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन कपिल सिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बीते तीन माह के दौरान संगठन सदस्यों ,देश विदेश में हुये पत्रकारों के निधन देश की सीमा पर हमारी रक्षा करते शाहिद सैनिकों के प्रति उपस्थित सभी साथीगणों द्वारा अश्रुपूरित श्रद्धाजलि अर्पित की गई। इसमें मुरैना जिले के पहाडग़ढ़ निवासी डा. अरूण शर्मा सहित सभी मृतात्माओं की शांति हेतु उपस्थित साथियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

नगर के समाजसेवियों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान मध्यप्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ नीमच जिला इकाई द्वारा जिले के वरिष्ठ समाज सेवी सत्यनारायण गगरानी, जिला कलेक्टर दिनेश जैन, युवा समाजसेवी अरूल अरोरा, उद्योगपति साबीर खान, स्वराज टेक्सटाइल, पत्रकार एवम् इंदौर प्रेस क्लब अरविंद तिवारी, चिकित्सक सरफराज मंसुरी, समाज सेवी रामनिवास पाटीदार, पत्रकार भरत जाट, मोरवन, पत्रकार और संगठन के पूर्व महासचिव राकेश सोन श्रवण पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष डिकेन, नारायण जी चारण गरवाड़ा, पुरण सहगल मनासा, राजस्थान फिल्म अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर, डाक्टर अक्षिता व्यास डिकेन का अतिथियों ने अभिनंदन पत्र एवं शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया।

सदस्यों ने संगठन सुदृढीकरण के लिये दिये सुझाव

प्रांतीय सम्मेलन एवं प्रांतीय कार्यसमिति के दौरान सदस्यों द्वारा पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण एवं सुविधाऐं प्रदान करने के लिये सुझाव दिये गये हैं। इनमें से कुछ सुझावों को 21 सूत्रीय मांग पत्र में शामिल किया जावेगा। इनमें प्रमुख रूप से मंदसौर के साथी सदस्य देवराज पोरवाल ने सुझाव दिया कि संगठन को मजबूत बनाने के लिये जिला स्तर पर प्रत्येक तीन माह में कार्यशाला व विशेष बैठक का आयोजन किया जाये। इसी तरह जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्रसारण मंत्रालय द्वारा विज्ञापन प्रकाशन में स्व-प्रमाणपत्र अनिवार्य किये जाने की सूचना देते हुये इस बाध्यता को समाप्त करने का सुझाव दिया गया। इसी तरह टीकमगढ़ जिलाध्यक्ष रघुवीर सहाय पस्तोर द्वारा संघ से जुड़े साथी पत्रकारों के अधिमान्यता कार्ड बनवाये जाने की मांग की। वहीं संघ के वरिष्ठ राजकुमार दुबे, चम्बल संभाग अध्यक्ष , राधाकृष्ण सिंघल,उज्जैन संभाग अध्यक्ष राजेंद्र राठौर, उज्जैन संभाग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रतिपाल सिंह राणा, बडनगर संभागीय महामंत्री राजेन्द्र अग्रवाल, सागर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष डिक सरवरिया ,महासचिव प्रतीक खरे, उमरिया से प्रदेश सचिव, मेंहदी हशन अशोक नाहर आगर,अभिषेक सक्सेना चिंटू, मुरैना जिलाध्यक्ष रामशरण शर्मा सहित अन्य ने भी अपने सुझाव दिये।इन सबके साथ सम्मेलन में शहडोल जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह परिहार,अनूपपुर जिलेके कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप, मंदसौर जिला अध्यक्ष प्रकाश बंसल,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.अजीत जैन,रतलाम जिला अध्यक्ष भेरूलाल टांक,उज्जैन जिला अध्यक्ष रामचंद्र गिरी,देवास जिला अध्यक्ष आनद गुप्ता,शाजापुर जिला महासचिव मनोहर भाई,राजगढ़ जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल महासचिव सुरेश शर्मा,भोपाल संभाग के महासचिव संजय राठौर,हरदा जिला अध्यक्ष जफर अंसारी,बैतूल जिला अध्यक्ष रंजीतसिंह,रायसेन जिला अध्यक्ष राहुल राठौर संभागीय उपाध्यक्ष मथुरा रजक,भिंड जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह जादौन दतिया जिला अध्यक्ष,नितिन गोस्वामी,सीहोर जिला अध्यक्ष नरेश यादव कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश वैष्णव, खंडवा जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता, धार जिला अध्यक्ष अविनाश डाबर,झाबुआ जिला अध्यक्ष मुकेश सिसोदिया,उमरिया जिला महासचिव विजय दिवेदी,पन्ना जिला अध्यक्ष धनंजय श्रीवास्तव,रीवा जिला कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी महासचिव श्रीप्रकाश तोमर, मऊगंज के साथी सिंगरौली जिला अध्यक्ष धीरेंद्र धर दिवदी,सतना जिला महासचिव मुकेश मिश्रा,ग्वालियर जिला महासचिव संतोषसिंह कुशवाह,सहित कोई 500 के लगभग सदस्य साथी उपस्थित रहे।

लूटपाट का अड्डा बना माहिका टीवीएस एजेंसी मैहर

प्रिंट रेट से भी अधिक दाम लेकर की जाती है ग्राहकों की सेवा

श्री निवास मिश्रा । सिटी चीफ मैहर, आम आदमी अपनी सुविधा हेतु उपयोग में लिया जाने वाला दो पहिया वाहन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए लाखों रुपए खर्च कर एक अच्छी लिमिटेड एजेंसी जैसे होंडा ,हीरो एवं टीवीएस जैसे अन्य नामी एजेंसियों में जाकर दोपहिया वाहन खरीदने का निर्णय लेता है। क्योंकि उसे विश्वास होता है कि इन लिमिटेड एजेंसी में हमे किसी प्रकार की धोखाधड़ी अथवा लूटपाट का शिकार नही होना पड़ेगा। लेकिन हम नहीं जानते कि ये एजेंसिया जिन डीलरों को अपना वाहन की बिक्री की जिम्मेवारी देते है। वहां पर ग्राहकों को फ्री सर्विसिंग के नाम पर प्रिंट रेट से भी अधिक चार्ज दे कर भुगतान करना पड़ सकता है। क्योंकि ऐसा ही एक मामला मैहर में संचालित माहिका टीवीएस एजेंसी में ग्राहक के साथ हुई लूटपाट को लेकर प्रकाश में आया है बताया जाता है कि

ग्राहक अपनी दो पहिया वाहन की दूसरी सर्विसिंग हेतु एजेंसी से फोन के दौरान गया तो सर्वप्रथम तो सर्विसिंग की सुविधा में कार्यरत कर्मचारियो का लापरवाही पूर्ण तरीके से अधिक समय के साथ सर्विसिंग करना तथा जब ग्राहक को बिल पेमेंट करना पड़ा तो प्रिंट रेट से भी अधिक का बिल देकर भुगतान कराया गया ग्राहक ने जब इसकी जानकारी कैश काउंटर में चाही तो वर्तमान में मिल का रेट लिस्ट अधिक बढ़कर आया है इसलिए आपसे अधिक चार्ज लिए जाने की बात कह कर बात को टाल दिया गया। जो कि ग्राहक की सुविधा के नाम पर भारी लूट है क्योंकि यह हर रोज हर किसी भी ग्राहक के साथ अधिक बिल भुगतान करने का धंधा बना हो सकता है यदि इसी तरह माहिका टीवीएस एजेंसी अपने ग्राहकों को प्रिंट रेट से भी ज्यादा चार्ज लेकर लूटपाट करती रही तो मैहर क्षेत्र में दौड़ रही टीवीएस की हर दो पहिया वाहनों के ग्राहकों को लूटपाट का शिकार होना पड़ेगा अत: मैहर पुलिस प्रशासन से यह निवेदन है कि माहिका टीवीएस एजेंसी के डीलर से उपयुक्त विषय को लेकर जांच करते हुए उचित कार्रवाई कर दंडित किए जाने की कृपा करें।

विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट हस्तकला की कई देशों के डेलीगेट्स ने की तारीफ

भारत में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक का आयोजन

बाग-धार।नई दिल्ली में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र की शुरुआत हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सत्र का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि भारत में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। भारत मंडपम, नई दिल्ली में यह सत्र 21 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इसमें 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मध्यप्रदेश के धार जिले के छोटे से कस्बे बाग के शिल्प गुरु राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्री मोहम्मद युसूफ खत्री और मोहम्मद बिलाल खत्री से दुनिया के अलग अलग देशों से आये मेहमानों ने बाग प्रिंट को सीखा, समझा और बारीकी से हर पहलुओं को जाना।युसूफ ओर बिलाल मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट कला का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर रहे है। डेलीगेट्स ने बाग प्रिंट के परिधानों को बहुत पसंद किया और बाग प्रिंट हस्तशिल्प कला को बचाने ओर आगे ले जाने के लिए शिल्प गुरु युसूफ और बिलाल की प्रशंसा कर मनोबल बढ़ाया। विदेशी डेलीगेट्स ने अपने हाथों से बाग ठप्पा छपाई किया तो उन्हें एक नया एक्सपीरियंस हुआ और अपने हाथों से किये हुए छपाई के सैंपल वो उनके साथ ले गए और कहा कि हम इसको भारत की गौरवशाली परम्परा की धरोहर के रूप में फ्रेम कर अपने घरों में सजाएंगे।

2 करोड़ 29 लाख का घोटाला, उप संचालक कृषि से होगी वसूली, कलेक्टर ने निलंबन का भेजा प्रस्ताव

जैविक खेती से जुड़ी योजना में केचुए व सामग्री वितरण के नाम पर करोड़ों डकार गए अधिकारी

यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ अनूपपुर, देशभर में जैविक के खेती के सर्वाधिक रकबा वाले मप्र के अनूपपुर जिले में कृषि विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की फसल उगाई। वर्ष 2018 से 2020 में जैविक खेती के लिए किसानों को दिए जाने वाले केंचुए और अन्य सामग्री में गड़बड़ी कर 2 करोड़ 29 लाख रुपये का घोटाला किया हैं

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में शिकायत- आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ रीवा ईकाई को शहडोल निवासी दीपक मिश्रा ने शिकायत कर गड़बड़ी की जांच की मांग की थी। इसके बाद कलेक्टर आशीष वशिष्ट ने अपनी टीम भेजकर जांच कराई तो गड़बड़ी की शिकायत सही पाई गई। इस आधार पर कलेक्टर ने शासन और आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को जानकारी भेजकर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है

5 हजार किसानों को दिया जाना था साहित्य व प्रशिक्षण- योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों के पांच हजार किसानों को वर्मी कंपोस्टिंग बेड, जैविक खाद, केंचुआ, जाल, साहित्य और प्रशिक्षण दिया जाना था। इसके लिए जिला खनिज निधि से छह करोड 93 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। इसमें दो करोड़ 90 लाख रुपये कृषि विभाग की कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (एटीएमए) परियोजना, अनूपपुर को सामग्री खरीदने के लिए, 2.93 लाख रुपये प्रशिक्षण और अन्य कार्यों के लिए और 1.08 करोड़ रुपये मिट्टी परीक्षण के लिए एक निजी कंपनी को दिए गए। प्रति किसान 9770 रुपये आवंटित किए गए

दो करोड़ 29 लाख की वसूली व निलंबन का भेजा प्रस्ताव- जिला प्रशासन की जांच में कई किसानों ने बताया कि केंचुआ और अन्य सामग्री उन्हें मिली ही नहीं। जो मिली भी वह घटिया थी। मिट्टी परीक्षण के नाम पर भी गड़बड़ी की गई। किसानों ने यह भी बताया कि उन्हें कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया। कलेक्टर ने कृषि उप संचालक एनडी गुप्ता से दो करोड़ 29 लाख रुपये वसूली के साथ विभागीय जांच और निलंबन का प्रस्ताव भेजा है

अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने बताया कि आर्थिक अपराध शाखा से पत्र मिला था जिस पर जांच कमेटी जिला स्तर पर गठित हुई थी, जांच की गई जिसमें सत्यता पाई गई। डीएमएफ मद से वर्ष 2018 से 2020 के बीच कृषि विभाग में दो करोड़ 29 लाख का भ्रष्टाचार पाया गया। इसकी जानकारी आर्थिक अपराध शाखा रीवा और शासन स्तर पर भेज दी गई है। शिकायत शहडोल निवासी दीपक मिश्रा द्वारा आर्थिक अपराध शाखा में की गई थी।

दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश अगले 5 दिनों के लिए अलर्ट जारी

नेशनल डेस्क । बुधवार सुबह दिल्ली-एनसीआर इलाकों में भारी बारिश हुई, जिससे उमस भरे मौसम से काफी राहत मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जो दिन में बाद में और अधिक बारिश की संभावना दर्शाता है। पीले अलर्ट का मतलब है 6 सेमी से 11 सेमी के बीच भारी वर्षा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 36 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। IMD द्वारा एक पोस्ट एक्स (पूर्व में ट्विटर) में साझा किए गए पूर्वानुमान में दिल्ली विश्वविद्यालय, सिविल लाइन्स, कश्मीरी गेट, सीलमपुर, शहादरा, विवेक विहार, पटेल नगर, लाल किला, प्रीत विहार, बुद्ध जयंती पार्क और राष्ट्रपति भवन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का

वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 40 की रीडिंग के साथ अच्छी श्रेणी में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 24 जुलाई को गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है। उत्तर-पश्चिमी राज्य राजस्थान में कल तक गर्म, आर्द्र मौसम रहने की संभावना है। आईएमडी ने अपने मौसम बुलेटिन में कहा कि पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों में काफी व्यापक हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की गई है। पूरे हिमाचल प्रदेश में अगले चार दिनों यानी 27 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की %पीली% चेतावनी भी जारी की गई है। इस बीच, चंडीगढ़ और पंजाब में, आईएमडी ने अगले दो दिनों में उच्च आर्द्रता के साथ सामान्य से ऊपर तापमान की भविष्यवाणी की है। मौसम बुलेटिन में अगले दो दिनों में उत्तर और दक्षिण ओडिशा के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की गई है, 25 और 26 जुलाई को भी ऐसी ही स्थिति होने की संभावना है।मौसम विभाग ने 24 से 25 जुलाई तक उत्तरी गोवा और दक्षिण गोवा जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा की भी भविष्यवाणी की है।

जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, एक जवान घायल

नेशनल डेस्क । जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर मुठभेड़ हुई जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। कुपवाड़ा जिले के लोलाब इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया। भारतीय सेना के चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा 23 जुलाई से 24 जुलाई तक एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। 24 जुलाई को, संदिग्ध गतिविधि देखी गई और सतर्क सैनिकों द्वारा चुनौती दी गई, जिसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आगामी गोलीबारी में एक आतंकवादी को मार गिराया गया और एक एनसीओ घायल हो गया। ऑपरेशन जारी है। इसकी जानकारी सेना ने बुधवार को दी। पिछले सप्ताह की शुरुआत में सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए कम से कम दो आतंकवादियों को मार गिराया था। उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घाटी में घुसपैठ करने की आतंकवादियों की कोशिशों के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर मुठभेड़ शुरू की गई थी। सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत देखी और उन्हें चुनौती दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए।

भारत का पासपोर्ट हुआ और स्ट्रांग 58 देशों में बिना वीजा के एंट्री, जानें 2024 के लिए सबसे शक्तिशाली पासपोट

नेशनल डेस्क । हेनले पासपोर्ट इंडेक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में भारत का पासपोर्ट 82वें स्थान पर है, जिससे भारतीयों को 58 देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति मिलती है। रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के डेटा पर आधारित है, जो दुनिया भर में यात्रा जानकारी का सबसे व्यापक और सटीक डेटाबेस रखता है। भारत की वर्तमान रैंक इसे सेनेगल और ताजिकिस्तान जैसे देशों के साथ जोड़ती है। सूची के अनुसार, सिंगापुर पासपोर्ट को दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट नामित किया गया है, जो 195 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। फ्रांस, इटली, जर्मनी और स्पेन जापान के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिससे पासपोर्ट धारकों को 192 देशों तक पहुंच मिलती है। फिर, रैंकिंग में तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, फ़िनलैंड, आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन सभी के पास 191 गंतव्यों तक वीज़ा-मुक्त पहुंच है। यूनाइटेड किंगडम न्यूजीलैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, डेनमार्क और स्विट्जरलैंड के साथ चौथे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल संयुक्त रूप से 5वें स्थान पर हैं, जबकि 186 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत का पासपोर्ट सूची में 82वें स्थान पर है, जिसमें नागरिकों को

बिना वीज़ा के 58 देशों की यात्रा करने की अनुमति है, जिसमें इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड जैसे लोकप्रिय गंतव्य शामिल हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान 100वें स्थान पर है, जो पासपोर्ट धारकों को 33 देशों तक पहुंच प्रदान करता है। सूची में सबसे नीचे 26 गंतव्यों तक आसान पहुंच वाला अफगानिस्तान है।

2024 के लिए सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट सिंगापुर (195 गंतव्य) फ़्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, स्पेन (192) ऑस्ट्रिया, फ़िनलैंड, आयरलैंड, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्वीडन (191) बेल्जियम, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, यूनाइटेड किंगडम (190) ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल (189) ग्रीस, पोलैंड (188) कनाडा, चेकिया, हंगरी, माल्टा (187) संयुक्त राज्य अमेरिका (186) एस्टोनिया, लिथुआनिया, संयुक्त अरब अमीरात (185) आइसलैंड, लातविया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया (184) हेनले एंड पार्टनर्स के अध्यक्ष क्रिश्चियन केलिन ने देशों के बीच बढ़ते वैश्विक गतिशीलता अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक बयान में कहा, वैश्विक औसत संख्या में यात्री वीज़ा-मुक्त गंतव्यों तक पहुँच सकते हैं जो 2006 में 58 से लगभग दोगुना होकर 2024 में 111 हो गया है। हालाँकि, सूचकांक के शीर्ष और निचले स्थानों के बीच वैश्विक गतिशीलता अंतर अब पहले से कहीं अधिक व्यापक है। विशेष रूप से, पिछले 19 वर्षों से, हेनले पासपोर्ट इंडेक्स विशेष डेटा का उपयोग करके दुनिया भर के 227 देशों और क्षेत्रों में वैश्विक स्वतंत्रता पर नज़र रख रहा है। यह दुनिया के पासपोर्ट को प्रदर्शित करने, क्रमबद्ध करने और रैंक करने के लिए सबसे लोकप्रिय इंटरैक्टिव ऑनलाइन टूल बन गया है। जब भी वीज़ा नीति में बदलाव लागू होते हैं, इसे पूरे वर्ष वास्तविक समय में अपडेट किया जाता है।

अब राष्ट्रपति बाइडेन की जगह लेगा कौन, डेमोक्रेटिक पार्टी के ये नाम भी रेस में....

इंटरनेशनल डेस्क। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के व्हाइट हाउस की दौड़ से हटने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए जगह खाली हो गई है, जिसे भरने के लिए पार्टी को तेजी से प्रयास करना होगा। आइए देखते हैं कि वो कौन डेमोक्रेटिक नेता है, जो रेस में जगह बना सकते है। डेमोक्रेट्स के पास एक से बढ़कर एक नए नेता हैं. केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर, मैरिलैंड के गवर्नर वेस मूर, सीनेटर एमी क्लोबुचर, कोरी बुकर जैसे कई नेता हैं जो राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश करते हैं। अभी भले ही कमला हैरिस, सबसे मजबूत उम्मीदवार हैं और ज्यादातर डेमोक्रेट्स उनके समर्थन में हैं लेकिन उनकी संभावित चुनौतियां कम नहीं हुई हैं।

कमला हैरिस बाइडेन के हटने के बाद भारतीय- अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए स्वाभाविक उम्मीदवार हैं। कमला हैरिस अमेरिकी राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं, न केवल अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के लिए बल्कि अपनी बहुसांस्कृतिक विरासत और तेजी से राजनीतिक उदय के लिए भी। बाइडेन ने भी उनके नाम का समर्थन किया है। 59 वर्षीय कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति है। कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने समर्थक इसे उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में एक मजबूत तर्क के रूप में पेश करते हैं।

जोश शापिरो पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो सबसे बड़े स्विंग राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं। स्विंग राज्य उन्हें कहा जाता है, जहां मतदाताओं का मूड स्पष्ट नहीं होता है। 51 वर्षीय शापिरो ने नवंबर 2022 में कंजरवेटिक प्रतिद्वंदी पर शानदार जीत दर्ज की थी। 2023 में राज्य के गवर्नर के रूप में कमान संभालने के पहले दो बार राज्य के अटॉर्नी जनरल के रूप में चुने गए थे। शापिरो अपने असरदार भाषण के लिए जाने जाते है और एक घोषित मध्यमार्गी है।

फिल्लौर में आढ़ती से मांगी रंगदारी: गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से मांगे 25 लाख.. वरना गोली तैयार है



पंजाब । पंजाब में विदेशी नंबरों से फोन कर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। जालंधर की सबडिवीजन फिल्लौर के आढ़ती को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से फोन कर धमकी देकर 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। धमकी देने वाले ने कहा कि पैसे नहीं दिए तो तेरे नाम की गोली तैयार है। जिसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत फिल्लौर पुलिस और जालंधर देहात पुलिस के डीएसपी फिल्लौर स्वर्णजीत सिंह को दी है आढ़ती सचिन अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी, लुधियाना में कमर्शियल कंप्यूटर वे-ब्रिज, सैफाबाद में बर्फ की फैक्टरी और फिल्लौर की अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। वह 21 जुलाई को गांव सैफाबाद स्थित बर्फ की फैक्टरी में काम देखने गया था। शाम करीब 4 बजे के करीब उन्हें एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें नेटवर्क की समस्या के कारण आवाज साफ नहीं थी। इससे पहले उसे तीन बार फोन आ चुके थे लेकिन किसी कारणवश वे नहीं उठा पाए। लेकिन जब 4-11 बजे चौथी बार फोन बजा तो उन्होंने फोन उठाया। आपके नाम की गोली तैयार है फोन करने वाले ने कहा- सचिन अग्रवाल तुम्हारे लिए लॉरेंस बिश्नोई का मैसेज आया है कि 25 लाख रुपये तैयार रखें। हम छह महीने से आपकी रेकी कर रहे हैं। आपके बारे में हमें सिर्फ इतना पता है कि आपकी बर्फ की फैक्टरी है और हाईवे पर कांटा है। आपको ज्यादा होशियार होने की जरूरत नहीं है, गोली आपके लिए तैयार है

छह लोगों की हत्या: नफरत के बीज ने निगला भाई का परिवार, सबसे पहले इस बात से शुरू हुआ विवाद

अंबाला । अंबाला के नारायणगढ़ थाने से लगभग 15 किलोमीटर दूर गांव रतौर पिछड़े इलाकों में शुमार है। जहां सुविधाओं के नाम पर टूटी और बारिश में दरकी सड़कें हैं। गांव का नाम ऐसे हत्याकांड के नाम से सामने आएगा ऐसा किसी ने सोचा भी नहीं होगा। आरोपी भूषण की अपने भाई और उसके परिवार से नफरत कोई नई नहीं, बल्कि यह कई साल से पनप रही थी। कई बार तो ग्रामीणों ने भी दोनों के बीच हो रहे झगड़े में बीच-बचाव कराया। इसके बाद कुछ दिन सब ठीक चलता, तो फिर दोनों भाई सड़क पर झगड़ा करते दिखाई देते। इतना ही नहीं इस पारिवारिक कलह ने घर की महिलाओं को भी

नहीं बख्शा। वे भी नारायणगढ़ के महिला थाने तक पहुंच गईं। पुलिस ने बार-बार समझाया मगर अंत में इस पूरे घटनाक्रम में पारिवारिक कलह ने नफरत का बीज ऐसा बोया कि बड़ा भाई ही छोटे भाई के परिवार को निगल गया।

भूषण के सेवानिवृत्ति के बाद शुरू हुए विवाद असल विवाद तो आरोपी भूषण के सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद शुरू हुआ। करीब सात साल पहले जब वह घर आया तो कुछ दिन तक तो सब ठीक रहा। फिर दोनों भाइयों में छोटी-छोटी बातों पर विवाद होने लगा। घर की महिलाएं भी कई बार इस विवाद में आमने-सामने होतीं। बस यहीं से दोनों में नफरत का बीज पनपता चला गया। छोटे-छोटे विवाद कब दो एकड़ खेत तक आ गए किसी को पता भी नहीं चला। जब विवाद बढ़ने लगे तो पिता ओम प्रकाश ने सोचा कि जमीन बांट देते हैं तो दोनों शांत हो जाएंगे। जमीन भी मौखिक तौर पर बांट दी गई। मगर विवाद फिर भी न थमा। तब दोनों भाई और माता पिता एक ही घर में रहते थे।

यूपी में दर्दनाक हादसा: संतकबीरनगर में दो सगी बहनों समेत पांच लड़कियों की डूबने से मौत, एक की हालत गंभीर

बिहार । संतकबीरनगर जिले के बखिरा और दुधारा क्षेत्र में मंगलवार को पांच लड़कियों की पोखरे और झील में डूबने से मौत हो गई। बखिरा झील में नहाने गईं बड़गों गांव की चार लड़कियों में तीन की मौत हो गई जबकि एक को मेंहदावल सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, धान की रोपाई करने गईं दुधारा थानाक्षेत्र के खटियावां गांव की दो सगी बहनें पैर फिसल जाने से पोखरे में डूब गईं जिससे उनकी मौत हो गई। बखिरा थानाक्षेत्र के बड़गो गांव की रहने वाली पायल (12) पुत्री दिलीप, मीनाक्षी (15) पुत्री मकसूदन निषाद, अर्चना (17) पुत्री रामनेवास और काजल (14) पुत्री रमेश मंगलवार की शाम करीब चार बजे बखिरा झील में नहाने गईं थीं। गहरे पानी में चले जाने से चारों डूबने लगीं। लड़कियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर थोड़ी दूरी पर स्थित मंदिर पर मौजूद ग्रामीण भागकर झील की तरफ पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने तक एक लड़की बचाने की गुहार लगा रही थी। चारों को झील से निकालकर सीएचसी मेंहदावल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी, पायल और अर्चना को मृत घोषित कर दिया जबकि काजल को भर्ती कराया गया है। तीन घंटे की तलाश के बाद मिला दूसरी बहन का शवलोहरौली/सेमरियावां। दुधारा थानाक्षेत्र के खटियावां में एक तालाब से सटे खेत में दो सगी बहने प्रमिला (17) व उर्मिला (15) पुत्री राजेंद्र यादव धान की रोपाई करने गई थी। प्रमिला और उर्मिला का पैर फिसल गया और मेड़बंदी नहीं होने से दोनों तालाब में गिर गईं। करीब 15 फीट गहरे पानी में चले जाने से दोनों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी के बाद जुटे ग्रामीणों ने दोनों बच्चियों की तलाश शुरू की। कुछ ही देर में प्रमिला का शव मिल गया लेकिन उर्मिला को तलाशने में तीन घंटे लग गए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569